26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 5 जनवरी, 2026

अंक- 73 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## उमर खालिद-शरजील इमाम को जमानत नहीं

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। सुप्रीम कोर्ट में आज साल 2020 के दिल्ली दंगा मामले में आरोपी बनाए गए उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसले में कहा कि लंबे समय तक जेल में रहना जमानत का आधार नहीं बन सकता। इन दोनों को जमानत देने से इनकार करने के अलावा कोर्ट ने मामले के अन्य आरोपियों-गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर



रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि दिल्ली दंगों के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में अलग स्थिति में हैं। कोर्ट ने साफ किया कि मुकदमे के ट्रायल में हो रही देरी को ट्रंप कार्ड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ऐसा करने से वैधानिक सुरक्षा उपाय स्वत: ही निरस्त होने का खतरा है। उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर और रहमान पर गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत गंभीर आरोप लगे हैं।

# हद हो गई... गौवंश को बचाने के बजाये उन्हें दफ़नाने का इंतज़ाम



बढ़ापुर ( चिंगारी )। ग्राम पंचायत सिक्कावाला द्वारा संचालित गौशाला में जीवित गौवंश पर हो रहे अत्याचार का मामला बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार-पत्रों द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद से लगातार सुर्खियों में है। गौवंश की दयनीय स्थिति को देखकर जिला प्रशासन में जरूर हड़कंप मचा है, परंतु गौशाला संचालक जरा भी भयभीत नज़र नहीं आ रहे हैं। उन्हें गौशाला में मौजूद गौवंश की जान की न तो कोई परवाह है और न ही इन बेजुबानों के प्रति जरा सी भी हमदर्दी दिखाई दे रही है। गौशाला के जिम्मेदार लोगों को भूख, बीमारी और ठंड से तड़प रहे गौवंश की जान बचाने का तो कोई उपाय नहीं सूझ रहा, अलबत्ता उन्होंने संवेदनहीनता की हदें पार करते हुए गौशाला की भूमि में गड्ढे खोदकर गौवंश को दफ़नाने की एडवांस में ही तैयारी कर ली है।

गौशाला में गौवंश के साथ हो रहा ऐसा अत्याचार शायद ही कहीं आपको देखने को मिलेगा, जैसा बढ़ापुर क्षेत्र की गौशाला में हो रहा है। गौवंश भूख, प्यास, बीमारी, ठंड और उपचार के अभाव में तड़प-तड़पकर दम तोड़ने लगे हैं। बीते 4 माह से केवल सूखा भूसा खाकर गौवंश कंकाल बन चुके हैं। दया और रहम क्या होती है, शायद जिम्मेदार लोग इसे भूल गए हैं। बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार-पत्रों बिजनौर टाइम्स एवं सांध्य दैनिक चिंगारी द्वारा गौवंश पर हो रहे अत्याचार के मामले को जब प्रमुखता से उठाया गया तो घटना सुर्खियों में होने के बावजूद गौशाला संचालकों ने इन बेजुबानों के प्रति जरा सी भी संवेदनशीलता नहीं दिखाई। कड़ाके की ठंड में भूख और बीमारी से सिकुड़ रहे गौवंश की जान की कोई परवाह न करते हुए गौशाला संचालकों ने उल्टे संवेदनहीनता की सीमाओं को पार करते हुए जीवित गौवंश को ही निपटाने की योजना बना डाली। यानी गौवंश की जान बचाने की नहीं अपितु उन्हें दफनाने की पूरी तैयारी संचालकों ने कर डाली है। संवेदनहीनता की इस कड़ी में गौशाला संचालकों ने गौशाला की भूमि में ही जेसीबी मशीन से एक साथ कई गड्ढे खुदवा डाले, मानो उन्होंने यह सोच लिया है कि अब गौवंश नहीं बचेंगे और इन गड्ढों में गौवंश को दफन करना ही उनकी जिम्मेदारी है।

( विस्तृत खबर पेज 11 पर )

## सोमनाथ : हमारी अटूट आस्था के एक हजार साल की गाथा

नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर पर 1026 ईस्वीं में हुए पहले हमले के बाद से 1000 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर आज एक संपादकीय लेख साझा किया। इस लेख में प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि सदियों से बार-बार हुए हमलों के बावजूद, सोमनाथ मंदिर भारत की अटूट भावना के प्रतीक के रूप में आज भी शान से खड़ा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ की कथा केवल एक मंदिर की नहीं, बल्कि भारत माता के उन अनगिनत सपूतों के अदम्य साहस की कहानी है, जिन्होंने देश की संस्कृति और सभ्यता की रक्षा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में लिखा कि वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के 1000 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। इसके बाद बार-बार हुए हमलों के बावजूद, सोमनाथ आज भी अडिग है ! ऐसा इसलिए है, क्योंकि सोमनाथ मंदिर की कहानी भारत माता के अनगिनत सपूतों के अटूट साहस की कहानी है जिन्होंने हमारी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा की।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह पकड़ा, चोरी की पांच बाइकें बरामद

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने एक अंतर्राज्जीय वाहन चोर गिरोह को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की पांच बाइकें बरामद की है। नजीबाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने जाते समय त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों में सोनू शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी ग्राम मुस्सेपुर पाडली थाना नहटौर हाल निवासी कुटिया कॉलोनी थाना कोतवाली शहर व घनश्याम सिंह पुत्र स्व. बाबूराम निवासी ग्राम तेलीपुरा माफी थाना अमरोहा देहात बताया। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में दोनो ने बताया कि यह मोटर साइकिल पिछले वर्ष दिसंबर माह में नजीबाबाद के स्टेशन रोड स्थित यूनियन बैंक के सामने से दोपहर में चोरी की थी। बाकी मोटरसाइकिलों को जंगल में एक ट्यूबबैल के पास ईख के खेत में छिपा दी थी। इस मोटर साइकिल को यहां से लेकर बेचने के लिए देहरादून जा रहे थे, इसी दौरान पकड़े गए। उन्होंने अन्य मोटर साइकिलों के बारे में पूछताछ पर बताया कि वह दोनों नजीबाबाद व देहरादून व अन्य जगहों से बाइक चोरी करते थे, जिन्हें बेचकर आपस में पैसा बाट कर अपने शौक पूरे करते है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर अन्य बाइकों को ग्राम खिदरीपुरा से आगे बिजली ट्यूबवेल के पास गन्ने के खेत से बरामद किया हैं। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों शातिर चोर है, इनके खिलाफ कोतवाली शहर बिजनौर, किरतपुर, चांदपुर में लूट, हत्या चोरी सहित दर्जनभर मुकदमे दर्ज है, पुलिस ने बताया कि बरामद चोरी की बाइकों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है, फिलहाल दोनों आरोपियों का चालान कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई सौरभकुमार, एसआई समय पाल सिंह, हैड कॉन्स्टेबल सौरभ, नेत्रपाल व कॉन्स्टेबल रोहित, नीरज आदि शामिल रहे।



चोरी की बाइकों के साथ पुलिस द्वारा पकड़े गये वाहन चोर गिरोह के सदस्य।

## अवधेशानंद पुलिस चौकी पर नववर्ष के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के भागूवाला में अवधेशानंद पुलिस चौकी में रविवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। पंडित राजेंद्र शर्मा व पंडित पुष्पेंद्र शर्मा ने विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ कराया। मुख्य यजमान थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, चौकी इंचार्ज संजय कुमार रहे। पूजा अर्चना में शामिल पुलिस स्टाफ, पत्रकार, गणमान्य व्यक्ति आदि श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। आरती कर कन्या पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई दयानंद, राहुल तेवतिया, महेशचन्द, कांस्टेबल जयवीर सिंह, मोनू कुमार, संजीव कुमार, ब्रिजेश कुमार, मोहम्मद इमरान, नीरज कुमार, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, पत्रकार चौधरी वीर सिंह, गजेन्द्र सिंह, पीएस राठी, मोहित कर्णवाल, सूर्यांशु उपाध्याय, आकाश ठाकुर, अब्दुल रहमान अल्वी, मुस्तकीम अहमद, अनुकूल शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, सतीश वर्मा, वीरेंद्र कुमार, हिमांशु जोशी, राजकुमार प्रजापति, भूपेंद्र सिंह, मोहम्मद आशिफ, पिंकी राजपूत, सुशील कुमार, बेगराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाकियू-प्रगति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कई पदाधिकारियों की घोषणा की



राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ भाकियू के मनोनीत किये गये पदाधिकारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन प्रगति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मलिक चौधरी ने बिजनौर आकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ जिला बिजनौर का दौरा कर अपने संगठन से पदों की घोषणा की। क्षेत्र के ग्राम अगुपुरा प्यारा में अमित मलिक अपनी टीम के साथ पहुंचे तथा वहां के निवासी जसवंत सिंह उर्फ बंटी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। इसी के साथ कामिनी शर्मा को महिला विंग की जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। अरविंद कुमार निवासी बेगमपुर भोनावाला को नजीबाबाद तहसील अध्यक्ष, संजय कुमार को बिजनौर तहसील अध्यक्ष, राहुल कुमार को नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष का पद दिया। भारतीय किसान यूनियन प्रगति के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उनकी टीम के सदस्य एवं पदाधिकारी मोहम्मद इकबाल पश्चिम उत्तर प्रदेश, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रूबी चौधरी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आरिफ राणा, सहारनपुर मंडल अध्यक्ष एवं अगुपुरा प्यारा के काफी ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का फूलमाला से स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह उर्फ बंटी ने संगठन को सदैव किसानों के हितों की रक्षा के लिए चलाने का आह्वान किया।



## पवित्र माघ मास में गौ माता की महिमा कथा का आगाज

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में पवित्र माघ मास में माघ महात्म्य गौ कथा का रविवार को शुभारंभ हो गया। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गौ कथा प्रारंभ की गई। पंडित भोला शंकर शास्त्री ने गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गाय माता की सेवा करने से तैंतीस कोटि देवी-देवताओं की सेवा का पुण्य प्राप्त होता है। जिस घर के आंगन में गौ माता भोजन करके संतुष्ट होती हैं, वहां सत्यलोक के देवता स्वयं पुष्पवृष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा से जीवन व मृत्यु दोनों सुधर जाते हैं। पहले ही दिन भारी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने कथा का श्रवण किया। आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने बताया कि प्रत्येक दिन एक फरवरी तक प्रात: 6:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक माघ महात्म्य गौ कथा का श्रवण कराया जाएगा। उन्होंने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया।

## नई मुंसफी तक गड्डों से भरी टूटी सड़क को ठीक कराने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष विमल कुमार व युवा जिला अध्यक्ष फहीम मिर्जा ने एसडीएम को किसानो की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में जलालाबाद आजाद चौक से लेकर नई मुंसफी तक गड्डों से भरी टूटी सड़क को ठीक कराने, सड़क पर उड़ रही धूल के कारण मोटरसाइकिल सवार व पैदल भी व्यक्ति रोड पर नहीं चल पा रहा है इसका समाधान कराने, बाईपास रोड से टूटी सड़क से प्रतिदिन हजारों किसानों के गुजरने की समस्या को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सड़क को तत्काल बनवाने, जलालाबाद में लग रहे साप्ताहिक जुमेरात बाजार में पुल के नीचे सरकारी जमीन पर अवैध पार्किंग बनाकर वसूली करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की गई। आवास विकास कालोनी से ग्राम महावतपुर तक खस्ताहाल सड़क को गड्डा मुक्त कराने आदि की मांगें की गई। इन मुद्दों पर अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न किये जाने पर भाकियू कृषि क्रांति अराजनैतिक के कार्यकर्ता व पदाधिकारी अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव शाहनवाज, जिला उपाध्यक्ष सरताज जौहरी, ग्राम अध्यक्ष चौगांवा अर्जुन शर्मा, तहसील अध्यक्ष हैप्पी शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य फहीम सिद्दीकी, युसूफ चौधरी, नगर अध्यक्ष जलालाबाद दानिश शेख, तहसील सचिव अर्जुन सिंह, महताब, आदिल सिद्दीकी, सुहेल आदि शामिल रहे।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते किसान।



मीटिंग में उपस्थित बीएलओ व राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी।

## बीएलओ ने एसआईआर में कटे नामों की लिस्ट दिखाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। राजकीय इन्टर कॉलेज नजीबाबाद में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीएलओ ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को एसआईआर में कटे हुए नामो की लिस्ट दिखाई। बीएलओ ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेता यह चेक कर लें कि एसआईआर में किसी भी सही वोटर का नाम तो नहीं कटा हैं। बीएलओ ने लिस्ट की एक कॉपी भी उपलब्ध कराई है। इस बैठक में इरशाद अहमद, विशाल, निधि शर्मा, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, कपिल देव शर्मा बीएलओ, सभासद पवन कुमार एडवोकेट, सभासद राजीव टंडन कांग्रेस पार्टी ओर से नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी महासचिव नदीम फारूकी आदि मौजूद रहे।

वेदांता कलिंगा लांसर्स ने रांची रॉयल्स को 4-2 से हराया ( पेज 14 )



# वेनेजुएला के बाद ट्रम्प की क्यूबा-मैक्सिको को धमकी

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वेनेजुएला में कब्जे के बाद रुकने के मूड में नहीं हैं। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका के पड़ोसी क्यूबा, मैक्सिको और दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के नेताओं का भी मादुरो जैसा हश्र हो सकता है। ये सभी देश अमेरिका के लिये परेशानियां पैदा कर रहे हैं। मैक्सिको पर हमलावर ट्रम्प ने यहां तक आरोप जड़ दिया कि वहां क्लाउडिया शिनबाम नहीं, ड्रग माफिया सत्ता चला रहे हैं। ट्रम्प ने कहा, वे कई बार शिनबाम को चेता चुके हैं। क्यूबा में लोकतंत्र नहीं है, अमेरिका कई बार वहां के लोगों के अधिकारों के पक्ष में आवाज उठा चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्ताव पेट्रो अमेरिका में कोकीन भेज रहे हैं। ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरान पर हमले का अल्टीमेटम दिया था। ग्रीनलैंड पर कब्जे के इरादे वे काफी समय से दोहरा रहे हैं। उधर, बेनेजुएला सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति बनाने का आदेश दिया। वहीं, मस्क की स्टारलिंक ने वेनेजुएला में 3 फरवरी तक मुफ्त ब्रॉडबेंड इंटरनेट का ऐलान किया है।

## वेनेजुएला तेल भण्डार में नंबर वन, ट्रम्प की उस पर नज़र

लगभग 3 करोड़ की आबादी वाला वेनेजुएला 303 अरब बैरल के साथ तेल भण्डार के मामले में दुनिया में नम्बर वन है। 270 अरब बैरल के साथ सऊदी अरब दूसरे पर है। वेनेजुएला के भंडार में एक्स्ट्रा हैवी ऑयल है, जिसे निकालने के लिये उन्नत टेक्नोलॉजी चाहिए। इसके चलते वेनेजुएला सालाना 4 अरब डॉलर का ही तेल निर्यात कर पाता है, जबकि सऊदी अरब हर साल 200 अरब डॉलर का निर्यात करता है। वेनेजुएला नेचुरल गैस के मामले में दुनिया में 8वें नम्बर पर है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई के बाद कहा है कि अब अमेरिकी तेल कम्पनियां भी वेनेजुएला में ऑयल बिजनेस में उतरेंगी। बता दें कि अमेरिका को 2030 तक डेटा सेंटर्स के लिये 20 प्रतिशत अधिक एनर्जी सोर्स चाहिए।

**वेनेजुएला सबसे ज्यादा मिस वर्ल्ड टाइटल जीतने वाला देश भी है। भारत और वेनेजुएला दोनों ने 6-6 मिस वर्ल्ड खिताब जीते हैं।**

## न्यूयॉर्क की सबसे बदनाम जेल में बंद हैं मादुरो-सिलिया



वेनेजुएला के राष्ट्रपति रहे निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया को न्यूयॉर्क की सबसे बदनाम न्यूयॉर्क जेल यानी मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद किया गया है। हथकड़ी में जाते मादुरो के वीडियो जारी किये गये हैं।

## मादुरो को जिस कानून के तहत पकड़ा, उसमें अमेरिका को हक-कैसे भी गिरफ़्तार करे

★मादुरो को केर-फ्रिस्बी कानून के तहत पकड़ा गया है। इसके तहत ये प्रावधान है कि गिरफ्तारी का तरीका कितना भी अवैध हो, एक बार अमेरिका में लाने के बाद केस चल सकता है। इसे चुनौती नहीं दे सकते।

★मादुरो पर ड्रग्स तस्करी से जुड़े आपराधिक मामले हैं। इसमें न्यूनतम 20 साल से लेकर आजीवन कैद हो सकती है, लेकिन मादुरो को मौत की सजा का कोई प्रावधान नहीं है।

★मादुरो अमेरिका द्वारा पकड़े गये दूसरे विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं। 1990 में पनामा के तानाशाह मैनुअल नोरिएगा को पकड़कर अमेरिका लाए थे। 40 साल की सजा हुई, पर 2011 में उन्हें छोड़ दिया गया।

★ट्रम्प के कार्यकाल के बाद अन्य अमेरिकी राष्ट्रपति माफी दे सकते हैं। होडुरास के पूर्व राष्ट्रपति हर्नांडिज को 2022 में 45 साल की सजा हुई, ट्रम्प ने 2025 में माफी दी।

SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं



अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957



भली लगे
या बुरी ...

## प्रदूषण अब भयावह दौर में

भारत में प्रदूषण अब भयावह दौर में पहुंच रहा है। लेकिन विडम्बना है कि इसको लेकर सरकार में कोई गंभीरता दिखाई नहीं दे रही। सरकार और भाजपा का सारा फोकस बंगाल चुनाव पर है। दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दिल्ली व एनसीआर में व्याप्त प्रदूषण को लेकर चिल्ला रहा है, लेकिन सरकार की पेशानी पर कोई बल नजर नहीं आ रहा। वैसे भी भारत में जब तक पानी सिर के ऊपर से नहीं निकल जाता, तब तक समस्या की ओर ध्यान देने का रिवाज नहीं है। पर्यावरण बेहतर बनाने में जिन नदियों की भूमिका सर्वप्रमुख होती है, वही आज प्रदूषण की सर्वाधिक शिकार हैं। हमारे यहां नदियों में प्रदूषण के मुद्दे को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है जबकि अनेक अध्ययनों में स्थिति की भयावहता इंगित होती रही है। एक खबर के अनुसार उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक काशी तक में गंगा का पानी और विषैला हो चुका है। इसमें ऑक्सीजन की कमी पाई गई है जो जलीय जीवों के लिए संकट का कारण है। गंगा ही क्या, देश की बड़ी-छोटी हर नदी प्रदूषण की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। जहरीले औद्योगिक उत्प्रवाह, नगरीय सीवेज, नालों, उत्खनन, अतिक्रमण आदि के चलते बहुत सी नदियां लुप्त हो चुकी हैं और बहुत सी लुप्तप्राय: हैं। नदियों को जब तक हम अपनी सभ्यता-संस्कृति का वाहक तथा जीवनदायिनी- मोक्षदायिनी समझते थे तब तक वह सुरक्षित थीं और हमें जीवन और पुण्य देती थीं किन्तु अब जबकि हमने नदियों को क्षुद्र स्वार्थ के चलते नालों में तब्दील कर दिया है तो वही हमें मौत, तबाही और बीमारियां दे रही हैं। विडम्बना है कि नदियों को प्रदूषणमुक्त करने के नाम पर शासन के स्तर पर अब तक अरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं लेकिन नदियां स्वच्छ होने की बजाय और मैली होती जा रही हैं। राज्यसभा के पटल पर रखी संसदीय समिति की रिपोर्ट बताती है कि पिछले बीस वर्षों में केवल गंगा की सफाई के नाम पर 39,226 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं लेकिन गंगा में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रणबोर्ड ने उत्तर प्रदेश में कुल 2171 फैक्ट्रियों की पहचान की जिनसे खतरनाक औद्योगिक कचरा उत्पन्न होता है। इनमें से 95 ऐसी हैं जिन्होंने उद्योग चलाने की अनुमति ही नहीं ली।

# धर्म नहीं, हमारा संविधान ही सबसे ऊपर है!



▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी

लल्लन टॉप टीवी चैनल पर पिछले दिनों डज़ गॉड एक्ज़िस्ट डिबेट का आयोजन किया गया था। इस बहस में मशहूर फ़िल्म डॉयलाग राइटर और शायर जावेद अख़्तर और मुफ़्ती शमाइल ने हिस्सा लिया था। यह प्रोग्राम चर्चित हो गया। इसको लाखों लोगों ने देखा, सुना। लेकिन बिना किसी जज के यह दावा किया गया कि इस बहस में मुफ़्ती शमाइल जीत गये। इसकी वजह शायद भारत में अधिकांश लोगों का आस्तिक होना रहा। बाद में पूरी दुनिया में अपनी लोकप्रियता अचानक बढ़ जाने से मुफ़्ती साहब ने एक विवादित बयान दिया कि भारत के मुसलमानों ने शरीयत पर संविधान को तरजीह देकर गलती की है। उनका कहना था कि अगर संविधान और शरीयत में से किसी एक को चुनना हो तो हम शरीयत को चुनेंगे। मुफ़्ती साहब भूल गये कि अगर यही बात हिंदू धर्म को मानने वाले कहें तो देश हिंदू राष्ट्र बनने में देर नहीं लगेगी। ऐसे ही जिस देश में जिस मज़हब के मानने वालों की संख्या अधिक होगी, वहां उस देश के बहुसंख्यकों का राज हो जायेगा, जबकि लोकतंत्र में बहुमत का शासन होता है, जिसमें सभी धर्म, जाति और सोच के लोग शामिल होते हैं। कुछ लोगों का दावा है कि धर्म और संविधान का कोई टकराव ही नहीं तो यह सवाल कहां से आ गया कि दोनों में से एक को चुनो। उनको पता होना चाहिये कि संविधान सेकुलर है। उसके रहते ही सबको अपने-अपने मज़हब पर चलने की आज़ादी मिली हुयी है। अगर कोई धर्म को सर्वोपरि मानेगा तो उन मुद्दों पर टकराव होगा, जिन पर धर्म और संविधान अलग-अलग रास्ता दिखाते हैं।



### उत्तराखंड सरकार संविधान की भावना के अनुकूल बिल लाये...

उत्तराखंड सरकार कथित लैंड जेहाद के ख़िलाफ़ एक बिल लाने जा रही है। आज तक लवजेहाद की भी परिभाषा तय नहीं हुयी, लेकिन अब एक वर्ग विशेष को टारगेट करने के लिये तथाकथित लैंड जेहाद के बहाने एक नया कानून बनाने के लिये उत्तराखंड सरकार विचार कर रही है। पर्वतीय राज्य की सरकार से पूछा जाना चाहिये कि क्या अल्पसंख्यक इस देश के नागरिक नहीं हैं? उनको भी दूसरे धर्मों के लोगों की तरह देश के किसी भी राज्य में ज़मीन खरीदने, बसने और कारोबार करने का संविधान ने समान अधिकार नहीं दिया है? अगर कोई अल्पसंख्यक उत्तराखंड में भूमि खरीदता है तो यह लैंड जेहाद कैसे हो गया? दरअसल हिंदू वोट बैंक की राजनीति करते-करते अधिकांश भाजपा सरकारों ने झूठ, नफ़रत और भय फैलाने की राजनीति का सहारा लेकर कई बार कई राज्यों की सत्ता में कब्ज़ा जमाया है। इन सरकारों ने मीडिया के ज़रिये एक झूठा नेरेटिव पेश कर बात-बात पर लवजेहाद, थूकजेहाद और लैंडजेहाद का आरोप लगाकर बहुसंख्यकों के मन में अल्पसंख्कों के लिये एक सोची समझी योजना के तहत डर और घृणा पैदा कर सत्ता हासिल करने का बहाना तलाश लिया है, जबकि यह संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।



### लव मैरिज रोकने के लिये विवाह पंजीकरण कठिन...

यूपी सहित कई राज्यों में धार्मिक रीति-रिवाज से शादी होने के बाद सरकारी कार्यों के विवाह का पंजीकरण काफी समय पहले अनिवार्य किया जा चुका है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। लेकिन अब यूपी सरकार ने चुपचाप मैरिज एक्ट के तहत होने वाले रजिस्ट्रेशन के नियम बदल दिये हैं। इसमें यह ज़रूरी कर दिया गया है कि जो भी जोड़ा अपनी शादी का सरकारी पंजीकरण करायेगा, वह अपने परिवार के सदस्यों को गवाह के तौर पर अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रार के सामने पेश करेगा। वैसे तो अधिकांश मामलों में परिवार के लोग गवाही दे ही देते हैं। लेकिन जिन मामलों में युवक-युवती ने प्रेम विवाह किया होता है। उनमें उनके परिवार के लोग कई बार जाति या धर्म अलग-अलग होने की वजह से विरोध करते हैं। ऐसे में जब कोई अपने परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी करेगा तो वे उसका पंजीकरण कराने में साथ कैसे दे सकते हैं? सवाल यह है कि जब संविधान बालिग लड़के-लड़की को अपनी पंसद की शादी करने की इजाज़त देता है, तो सरकार कैसे संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन कर ऐसे नियम या कानून बना सकती है, जिससे युवा पीढ़ी अपने परिवार के नहीं चाहने पर अपनी पसंद के लड़के-लड़की से विवाह ही नहीं कर सके। यही शॉर्ट कट सरकारें धर्म परिवर्तन के मामलों में भी अपना रही हैं। ऐसा लगता है कि सरकारें अपना राजनीतिक एजेंडा लागू करने के लिये संविधान की मूल भावना के खिलाफ जाकर भी नियम कानून बनाने पर तुली हैं।

### बंगाल में घुसपैठ रोकने को सुरक्षा ग्रिड बनायेगी केंद्र सरकार...

गृहमंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया है कि अपना वोटबैंक बढ़ाने के लिये पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी बंग्लादेश से घुसपैठ करने वालों को बढ़ावा दे रही हैं। उनका यह भी कहना है कि केंद्र सरकार ऐसा किसी कीमत पर नहीं होने देगी। शाह का दावा है कि घुसपैठ की समस्या को जड़ से खत्म करने को उनकी सरकार सुरक्षा ग्रिड बनायेगी। सवाल यह है कि राजनीतिक लाभ के लिये अगर राजनेता एक-दूसरे पर इतने गंभीर आरोप लगा सकते हैं तो फिर घुसपैठ की समस्या का वास्तविक समाधान कैसे और कौन करेगा? सबको पता है कि सीमा सुरक्षा का काम सीमा सुरक्षा बल करता है। इस बल की कमान केंद्र सरकार के हाथ में है। क्या यह संभव है कि किसी राज्य की सरकार केंद्र सरकार से छिपाकर अपने राज्य में राजनीतिक लाभ के लिये अवैध लोगों की घुसपैठ कराये और केंद्र सरकार को भनक तक न लगे। या केंद्र सरकार को इस बात का पता भी हो जैसा कि अमित शाह दावा कर रहे हैं, फिर भी वे राज्य सरकार के सामने घुटने टेक दें? दूसरा सवाल यह है कि अगर केंद्र सरकार को पता है कि बंगाल में घुसपैठ हो रही है तो उन्होंने जांच कराकर कितने बंग्लादेशियों को उनके देश वापस भेजा? उनको ऐसा करने से कौन रोक रहा है? जो सुरक्षा ग्रिड शाह अब बनाने की बात कह रहे हैं, उस ग्रिड को अब तक क्यों नहीं बनाया गया? एक शायर ने कहा है-

**लोगों के सर ऐब को मढ़ना सीख गये,**
**हम भी बेबात झगड़ना सीख गये।**
**उड़ना कब सीखेंगे चिड़िया के बच्चे,**
**सांप के बच्चे पेड़ पर चढ़ना सीख गये।।**

(नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ़ एडिटर हैं।)

# पार्टी और जनता के बीच सेतु का काम करता है बूथ अध्यक्ष-मौसम

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने रविवार दोपहर नूरपुर रोड गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर विशेष चर्चा की गयी।



बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि भाजपा का संगठन अनुशासन, सेवा और राष्ट्रहित की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है और उसकी सजगता से ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पुनरीक्षण अभियान के दौरान प्रत्येक मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल वर्मा ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अभियान में जुटें। बैठक में मंडल प्रभारी रविन्द्र सिंह, ललित कुमार, मंडल अध्यक्ष झालू चिंकी गुप्ता, अधिवक्ता शिवम अग्रवाल सहित मंडल व सेक्टर स्तर के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.



# राजीव चुने गये क्षत्रिय राजपूत समिति के अध्यक्ष, सुशील ठाकुर बने मंत्री

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षत्रिय राजपूत समिति नूरपुर की चुनावी प्रक्रिया सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्ण हुई। चुनाव अधिकारी देशराज सिंह एवं हेमराज सिंह के निर्देशन में 95 से 100 सदस्यों की उपस्थिति में 21 दिसंबर को रुकी चुनावी प्रक्रिया पूर्ण हुई, जिसमें अध्यक्ष राजीव (बीज, खाद वाले), उपाध्यक्ष दयाराम सिंह, मंत्री सुशील ठाकुर एवं कैशियर मनीष कुमार निर्वाचित घोषित किये गये। निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र बैंस व मंत्री गंभीर सिंह द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर हर्षवर्धन, उमेश कुमार, राजेश्वर सिंह आदि ने संबोधित किया। संचालन हेमराज सिंह व अध्यक्षता जितेंद्र बैंस ने की।


# कल डीएम को ज्ञापन देंगे सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर भारत सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के गठन हेतु 3 नवम्बर को जारी नोटिफिकेशन में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को सम्मिलित करते हुए पेंशन को गैर अंशदायी एवं गैर वित्त पोषित बताये जाने वाले क्लॉज एफ-03 तथा वित्त विधेयक 2025 में तिथि के आधार पर पेंशनर्स में भेदभाव उत्पन्न करने वाले प्राविधानों के विरोध में 6 जनवरी 2026 को सम्पूर्ण प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संघ के जनपद सचिव अंकित कुमार कपासिया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद बिजनौर के सभी सेवारत एवं सेवानिवृत्त सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

# आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में चाहत, बंटी व सिद्ध कुमार ने पाया प्रथम स्थान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फूले ट्रस्ट के तत्वावधान में बजरंगबली प्रतियोगिता संगठन नवादा केशो द्वारा आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ लोकेश सैनी एडवोकेट संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले ट्रस्ट, शिवम सैनी तथा सूर्यवंशी सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में 40 से 45 किलोग्राम में चाहत कुमार प्रथम, शनि द्वितीय व निखिल तृतीय स्थान पर रहे। 45 से 50 किलोग्राम वजन में बंटी प्रथम, आदित्य द्वितीय व अजीत तृतीय स्थान पर रहे। 50 से 55 किलोग्राम वजन में सिद्ध कुमार प्रथम व दीक्षित सैनी द्वितीय तथा 55 से 60 किलोग्राम में सिद्ध कुमार प्रथम रहे। विजेता प्रतियोगियों को मैडल व प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। संस्था के संस्थापक लोकेश कुमार सैनी ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता फूल सिंह सैनी तथा संचालन प्रवीण सैनी ने किया। प्रतियोगिता के आयोजन में लोकेश कुमार सैनी, संजीव कुमार सैनी, प्रशांत सैनी, प्रवीण सिंह सैनी, सूरज सैनी, शुभम सैनी, प्रिंस सैनी, सागर सैनी व अरूण सैनी आदि का सहयोग रहा।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 7 जनवरी को



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद विरेन्द्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा प्रत्येक माह लगाए जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रृंखला में हर बार शिविर का आयोजन 7 जनवरी को अग्रवाल भवन प्रथम तल भारतीय स्टेट बैंक नूरपुर रोड, बिजनौर पर किया जायेगा। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश उत्तराचंल की कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया जा रहा है। जिन मरीजों को मोतियाबिंद का आपरेशन कराना है, उन्हें अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा। नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा तथा पूर्णतय नि:शुल्क होगा।

# लोगों के फ़र्ज़ी बीमे कराकर लाखों रुपये हड़पने वाले पति-पत्नी गिरफ़्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )। फर्जी कागजात के आधार पर बीमा कराकर मोटी रकम हड़पने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने गिरोह के सरगना व उसकी पत्नी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह जनपद में कई फर्जी बीमे कराकर 32 लाख से अधिक की रकम डकार चुका है।**

रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिरोह के पकड़े जाने की जानकारी देते हुए एएसपी सिटी डा.केजी सिंह ने बताया कि गत 3 जनवरी को कई पीड़ितों की तहरीर पर थाना कोतवाली शहर बिजनौर में चार मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसके अलावा चांदपुर में दो, स्योहारा में एक, कोतवाली देहात में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जांच में सामने आया कि उक्त गिरोह फर्जी बीमे कराकर करीब 32 लाख की ठगी कर चुका है। जांच में पता चला कि गिरोह का सरगना नवाब अली पुत्र फकीरा निवासी ग्राम पेली थाना मंडी धनौरा, अमरोहा है। उसकी पत्नी रुखशी अंजुम तथा शरद त्यागी पुत्र सत्यपाल त्यागी, आशा तारावती,



एक वकील व दो अज्ञात लोग भी गिरोह में शामिल हैं। पुलिस ने गिरोह के सरगना नवाब अली व उसकी पत्नी रुखशी अन्जुम को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार नवाब अली के खिलाफ पहले भी चार मुकदमे दर्ज हैं। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और वकील की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## बीमारों पर खेलते थे दांव

एएसपी सिटी डा. केजी सिंह के अनुसार जांच से पता चला कि गिरोह के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में 'शिकार' तलाश करते थे। इसके अलावा वे गांव-गांव जाकर आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से गंभीर रूप से बीमार लोगों को चिन्हित करते थे, जिनकी मृत्यु कुछ समय में संभावित होती थी। इसके बाद उन्हें स्वस्थ दिखाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए जाते और ऑनलाइन बीमा कराया जाता था। नॉमिनी के नाम पर घर बैठे बैंक खाता खुलवाया जाता और फर्जी सिम के जरिए खातों को ऑपरेट कर बीमा की रकम हड़प ली जाती थी।

# अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अंकिता भंडारी का प्रकरण लगातार तूल पकड़ रहा है। कांग्रेस ने इसे भाजपा व धामी सरकार के विरूद्ध एक बड़ा मुद्दा बना दिया है। मामले में वीआईपी का नाम उजागर करने और सीबीआई जांच कराये जाने की मांग को लेकर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मीना बछ्वाण के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस समर्थक पूर्व सैनिक भी जुलुस में शामिल हुए।




आज यहां मोटरनगर के निकट कांग्रेस कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एकत्रित हुए, जहां से नारेबाज़ी करते हुए मुख्य बाजार में लाल बत्ती चौक पर कुछ देर

## बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक भी जुलूस में शामिल हुये

नारेबाज़ी करते रहे। प्रदर्शनकारी 'ये गट्टू-बट्टू कौन है', 'वीआईपी का नाम उजागर करो', 'अंकिता के हत्यारे को फांसी दो', 'अंकिता प्रकरण की सीबीआई जांच कराओ' आदि नारे लगा रहे थे। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से राजाराम, अमित राज, विजय रावत, प्रवेश रावत समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल थे।

## स्वामी रामानन्दाचार्य की जयंती पर 10 जनवरी को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्वामी नारायण आश्रम शीशम झाड़ी में विरक्त वैष्णव मंडल समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जगतगुरु स्वामी दयाराम देवाचार्य महाराज ने की। बैठक में जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य महाराज के 726 वें जयंती महोत्सव पर विरक्त वैष्णो मंडल समिति द्वारा नगर में भव्य शोभा यात्रा निकालने के लिए मठ, मंदिरों एवं जगतगुरु महामंडलेश्वर, महंत बैठक में शामिल हुये, जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार रखें। बैठक में डॉ. नारायण दास महाराज ने कहा कि इस बार स्वामी रामानंदाचार्य महाराज की शोभायात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। कहा कि आज समाज में स्वामी के आदर्श की आवश्यकता है। महामंडलेश्वर वृंदावन दास महाराज महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज, महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य महाराज, तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज, महंत रघुनाथ दास महाराज, महंत निर्मल दास महंत, जगदीश प्रपन्नाचार्य, डॉ. महंत नारायण दास, बंशीधर पोखरियाल, संजय शास्त्री, जयेंद्र रमोला, विनोद शर्मा, अभिषेक शर्मा, राम चौबे, आचार्य सुशील नौटियाल, गोपाल ब्रेजा, सुशीला सेमवाल, महामंडलेश्वर भारत भूषण दास, महंत लाल बिहारी दास आदि संत उपस्थित थे। महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि शोभा यात्रा 10 जनवरी 2026 को ऋषिकेश रामानंद आश्रम से होती हुई नगर भ्रमण करती हुई रामानंद आश्रम में पहुंचेगी जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

## संतों के कार्यों को आगे बढ़ाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : स्वामी सर्वातमानंद

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्वर्गाश्रम स्थित गीता आश्रम में स्वतंत्रानंद सरस्वती (संस्थापक आनंद आश्रम हरिद्वार) की 54 वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। गीता आश्रम में पाठ, यज्ञ, भजन कीर्तन के साथ स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत स्वामी सर्वातमानंद सरस्वती द्वारा की गई। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संत सदैव परोपकार एवं धर्म प्रचार के लिए अपने जीवन का संपूर्ण भाग अर्पित कर देते हैं। संतों का जीवन प्रेरणादायी और समाज के प्रति समर्पित होता है। उन्हें स्मरण रखना उनके कार्यकलापों को आगे बढ़ाना यही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने अपने उत्तराधिकारी स्वामी शांतानंद जी महाराज को बनाया जिन्होंने अपने कार्यकाल में संस्था की गतिविधियों को आगे बढ़ाया और सेवा की। डॉक्टर दीपक गुप्ता ने कहा कि स्वामी स्वतंत्र आनंद सरस्वती ने देश के अनेक भागों में धार्मिक, आध्यात्मिक कार्यों को चलाया। चंद्र मित्र शुक्ला आश्रम प्रबंधक ने भी स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन भानु मित्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर गीता चैतन्य माता प्रमिला शाह, दया जोशी, सुलोचना लखानी, त्रिभुवन उपाध्याय, पंडित प्रेम प्रसाद, उदय राम उपाध्याय, नीरज शास्त्री, श्रीमती शशि गुप्ता, कोमल शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## सैनी महापंचायत संगठन ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** सैनी महापंचायत संगठन के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षक माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर सिवहारा मार्ग स्थित मुन्नी देवी मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और छुआछूत के भेदभाव को समाप्त किया। उन्होंने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित किया और इसके पश्चात सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी का मौलिक अधिकार है, इसलिए सभी को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष चौधरी मोहित कुमार, पूर्व जेल विजिटर राज बहादुर सैनी, बबलू सैनी, सोनू सैनी, ग्राम नौरंगाबाद के प्रधान राजू चौहान, अजय सैनी, सूरज सैनी, मोहित सैनी, प्रशांत सैनी, प्रतीक शर्मा,आजाद वीर सिंह एडवोकेट, पंडित सीमांत वीर, नेपाल सिंह, नकुल सैनी, मास्टर भोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान।

## दमयंती देवी संस्थान ने लगाया 194वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**धामपुर ( चिंगारी )।** सुसंसकारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 194वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर माता सावित्रीबाई फुले महिला जागृति मिशन द्वारा मोहल्ला बाड़वान में आयोजित किया गया। शिविर में 60 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई। शिविर का उद्घाटन पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, डॉ. दीप सौरभ सिंह, डॉ. चंद्रकला भागीरथी, डॉ. मलखान सिंह भागीरथी, डॉ. आदित्य अग्रवाल, रवि शंकर सैनी आदि ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मोनिका सैनी, पूनम सैनी, पूजा सैनी, बीना सैनी, मूर्ति सैनी, प्रवेश सैनी मौजूद रही।



मरीजों को देखते हुए डॉक्टर आदित्य अग्रवाल।

शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल ने 60 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं।

### पॉलिथीन मुक्त अभियान के अंतर्गत बांटे कपड़े के थैले

**शिविर में पॉलिथीन मुक्त 'अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किये गये।**

### इनका रहा योगदान

**शिविर को सफल बनाने में साहिल, अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान सराहनीय रहा।**

## 'योग करो हंसमुख रहो' संस्था ने किया 'श्री हरि कीर्तन' संध्या का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** माघ मास के अवसर पर 'योग करो हंसमुख रहो' संस्था के तत्वावधान में श्री हरि संकीर्तन मंडल धामपुर द्वारा देर शाम लाला केदारनाथ अग्रवाल धर्मशाला में श्री हरि संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरोहित पवन कौशिक महाराज ने वैदिक विधि विधान से पूजन कराकर किया जिसमें मुख्य यजमान अशोक अग्रवाल हॉडा व उनकी पत्नी शालिनी अग्रवाल रहे। इसके पश्चात भव्य दरबार में सजाए राम दरबार, राधा श्रीकृष्णा व हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य विजय कुमार वर्मा, नंदकिशोर रस्तोगी, पूर्व प्रधानाचार्य लवकुश शर्मा, पवन कौशिक महाराज, पंकज अग्रवाल, विकास वशिष्ठ ने भजनों की प्रस्तुति की।



भजन सुनाते हुए पूर्व प्रधानाचार्य लवकुश शर्मा।

कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, पराग अग्रवाल, निधि अग्रवाल, स्तुति अग्रवाल, विधु ऐरन संजय अग्रवाल मुनिया, पूर्व सभासद रेनु अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, श्रेया गुप्ता, राकेश चंद्र अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल नैंनसी, सतीश वर्मा, महंत पीयूष अग्रवाल, सुभाष मोदी, रवि शंकर शर्मा, ह्रदेश भारद्वाज, विकास वशिष्ठ, पंकज कुमार अग्रवाल, महंत पावन कौशिक, योगाचार्य अशोक गोयल उर्फ गोरूलाल, मनोज गुप्ता, कनिका गुप्ता, अरुण गुप्ता, डॉ. अरुण उपाध्याय, महंत राहुल अग्रवाल, विपिन चंद्र आचार्य, विनय शर्मा आदि में भगवान की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता व समाजसेवी डॉ. आदित्य अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महंत पीयूष अग्रवाल ने किया।

# सादकपुर व भायपुर के बीच हुआ रोमांचक फाइनल मैच

## रेहड़ में हुआ एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** राजपूत वॉलीबॉल क्लब रेहड़ द्वारा रविवार को एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। रेहड़ स्थित रामलीला मैदान में आयोजित इस टूर्नामेंट में शेरकोट, कालागढ़, रायपुर, भायपुर, सादकपुर, दहलावाला, लडड़ूवाला व रामूवाला आदि सहित क्षेत्र के अनेक गांवों की वॉलीबॉल टीमों ने प्रतिभाग किया। अलग-अलग टीमों के अनेक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया जिनका उपस्थित अतिथियों व दर्शकों ने तालियों के साथ सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। अंत में सादकपुर व भायपुर की टीमों के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें सादकपुर की टीम विजयी घोषित हुई। विजेता-उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को उपस्थित अतिथियों/गणमान्य व्यक्तियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भारत सिंह, सुनील कुमार, सरताज अहमद, रैफुल, निरंजन कश्यप, शादाब शमीम, कय्यूम शाह, शमीम अहमद, फिरोज बेग, अरुण कुमार, दीवान सिंह, अनवर कमाल, सचिन चौहान, मनोज धीमान, हर्ष प्रताप, विशाल भारद्वाज, भूपेंद्र पाल, उत्कर्ष कुमार, विक्रम सिंह राठौर, प्रशांत कुमार, कृष्ण कुमार व मोहसिन अहमद आदि उपस्थित रहे।

## खेलों से बढ़ता है भाईचारा- शहराज एड.



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते शहराज एड.

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** खेल जहां एक ओर स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है, वहीं इनके आयोजनों से समाज में भाईचारा बढ़ता है। यह बात आसपा (यु.मो.) के बढ़ापुर वि.स.क्षेत्र अध्यक्ष एवं अफजलगढ़ ब्लॉक के वार्ड नंबर 2 से जिला पंचायत सदस्य पद के सम्भावित प्रत्याशी कासमपुर गढ़ी निवासी एड. मौ. शहराज 'जिम्मी' ने क्षेत्र के ग्राम जिकरीवाला में खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के दौरान कही। रविवार को यहां स्थानीय युवाओं द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए शहराज 'जिम्मी+ ने आगे कहा कि युवा शिक्षा व कारोबार के साथ-साथ खेलों में भी अपनी रूचि बढ़ाएं। इस मौके पर कासमपुर गढ़ी के बीडीसी प्रत्याशी मौ. सलमान खान, मौ. अल्तमश व डॉ. अरमान चौधरी आदि भी उपस्थित रहे।

# नाले में पड़े शव को नोच रहे थे कुत्ते

बिजनौर ( चिंगारी )। नूरपुर क्षेत्र में रविवार को नाले में एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। लाश को कुत्ते नोच रहे थे। रविवार की सुबह करीब दस बजे ग्राम पीपला जागीर स्थित एक निजी अस्पताल के पास नाले में पड़े शव पर लोगों की नजर पड़ी। ग्रामीणों के अनुसार शव कई दिनों पुराना प्रतीत हो रहा था। लाश को कुत्ते नोच रहे थे। मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। ग्राम प्रधान की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार तेवतिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नाले से शव को बाहर निकलवाया और शिनाख्त के प्रयास किये। शव की हालत बेहद क्षत-विक्षत थी। कुत्तों द्वारा सिर का अधिकांश हिस्सा नोच लिया गया था, जिससे पहचान में कठिनाई आ रही थी। बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक विक्षिप्त था और भीख मांग कर गुजारा करता था। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।

### पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली

पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। फुटेज के आधार पर यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि मृतक आखिरी बार कब और किन परिस्थितियों में वहां पहुंचा था। हालांकि काफी प्रयास के बावजूद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

# सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई कराटे चैम्पियनशिप




**बिजनौर ( चिंगारी )।** इंदिरा बाल भवन, बिजनौर में KMSKFI इंटर स्टेट कराटे चैंपियनशिप 3-4 जनवरी 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में करीब 140 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में 7 राज्यों—उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तराखंड एवं गुरुग्राम (हरियाणा) से आये खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना को विकसित करना रहा। प्रतियोगिता के दौरान महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें कई महिला कराटे कोचों की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथियों में डॉ. मेजर अभिनव (नेत्र विशेषज्ञ), संगीता जैन अग्रवाल (सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग), रीना अग्रवाल (राष्ट्र सेविका समिति), डॉ. रचना पाल (पूर्व सदस्य, यूपीएसएस एससी) एवं वर्षा अग्रवाल (राष्ट्रीय सेवा विकास समिति) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेलों को जीवन निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

### अनुभवी कोचों का मार्गदर्शन

प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनेक अनुभवी कोचों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिनमें कपिल शर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार,करण शर्मा, आशु शर्मा, रोहतास, नीरज पाल, मनोज पवार, अजीत, दीपिका शर्मा ,आरती भारद्वाज, रितु शर्मा, प्रीति ,दीपेंद्र ,भूमि, दिव्या शांभवी, अभिषेक, वैद्य अजय गर्ग, संजू शर्मा, सौरभ, एकता शर्मा, अक्षय चौधरी, डॉ. राजेंद्र, प्रिंस चौधरी, दिगंबर सिंह, एडवोकेट राजवीर सिंह योगी, डॉ. नेहा जैन, डॉ. मंजू चौधरी, कमल चौधरी एवं डॉ. मुदित अग्रवाल शामिल रहे।

### खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

**पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। काता और कुमिते स्पर्धाओं में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों और अतिथियों का दिल जीत लिया।**

### ओपन चैलेंज विजेता खिलाड़ियों के नाम

**कनिष्क चौहान,अभिषेक गुप्ता, दिव्या सिंह, पायल राजपूत**

# कांता प्रसाद पुष्पक के पिताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार कांता प्रसाद पुष्पक के पिता स्वर्गीय मदनपाल सिंह की आरिष्टी पर हुई श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों लोगों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। श्रद्धांजलि देने वालों में डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, सुखबीर सिंह अधिशासी अध्यक्ष शुगर मिल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष शोभित जैन, दिगंबर जैन समाज, व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, आईएमटी के कुलपति योगेश मोहन गुप्ता मेरठ, पीजी राजीव रस्तोगी मुरादाबाद, दिनेश कुमार शर्मा सिकंदराबाद, बिरला उद्योग समूह के सलाहकार चांद बिहारी पाटोदिया नई दिल्ली, प्रेस क्लब धामपुर, वर्ष 2027-28 के रोटरी गवर्नर काव्या सौरभ रस्तोगी, मेरठ मीडिया से जुड़े रोटेरियन अंबर दीक्षित, पीडीजी दीपक बाबू, रोटेरियन सुशील साहू, रोटरी गवर्नर नितिन अग्रवाल, सूर्यमणि रघुवंशी संपादक चिंगारी, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र मारवाड़ी, आरएसपी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मधुबाला शर्मा, प्रबंधक रानी संयोगिता सिंह और स्टाफ सहित सैकड़ों लोगों और संस्थाओं के द्वारा स्वर्गीय मदन पाल सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। मदनपाल सिंह का निधन 24 दिसंबर की रात्रि को मुरादाबाद के टीएमयू चिकित्सालय में हो गया था। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गये हैं। उनके परिवार में उनके पांच पुत्र, एक पुत्री, प्रपोत्र, प्रपोत्री आदि हैं। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

# कैराकस 2026 / बग़दाद 1258

आज वेनेज़ुएला की स्थिति देखकर इतिहास अपने आप सामने आ खड़ा होता है। 1258 का बग़दाद याद आता है। अब्बासी खिलाफ़त की राजधानी, जहां दुनिया की बेपनाह दौलत, इल्म और तहज़ीब जमा थी। खज़ाने भरे हुए थे, मगर सत्ता यह भूल चुकी थी कि दौलत अपने आप में ताक़त नहीं होती। जब हलाकू ख़ान ने बग़दाद को घेरा, तो खलीफ़ा अल-मुस्तसिम ने सोचा कि सोना-चांदी और ख़ज़ानों के दम पर संधि हो जाएगी। तब हलाकू ख़ान ने वह ऐतिहासिक बात कही अगर इतनी दौलत से तुमने मज़बूत फ़ौज खड़ी की होती, तो आज तुम मेरी जगह होते और मैं तुम्हारी।

आज वही दृश्य, वही मनोदशा, लेकिन तलवार और आग की जगह प्रतिबंध, आर्थिक घेराबंदी और सिस्टम के ज़रिये कैराकस में दोहराई जा रही है।




दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार होने के बावजूद वेनेज़ुएला आर्थिक रूप से पंगु है। तेल ज़मीन में है, मगर उसे बेचने, ढोने और उसका पैसा पाने के रास्ते बंद कर दिये गये हैं। बिना एक भी गोली चलाए, एक पूरे देश की रीढ़ तोड़ दी गई है। यह आधुनिक दौर की घेराबंदी है, शहर को जलाए बिना उसे बेबस बना देने की रणनीति।

आज मादुरो की स्थिति, अमेरिका के सामने, वही है जो 1258 में खलीफ़ा अल-मुस्तसिम की हलाकू के सामने थी। दौलत थी, संसाधन थे, मगर मज़बूत और आत्मनिर्भर फ़ौज नहीं थी। इतिहास बार-बार यही बताता है कि बिना फ़ौज के कोई मुल्क, मुल्क नहीं होता। संसाधन तभी सुरक्षा बनते हैं, जब उन्हें बचाने की क्षमता भी साथ हो।

सबसे ख़तरनाक संकेत मध्य-पूर्व से मिल चुके हैं। क़तर जैसे देश के पास बेहिसाब दौलत है, अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर है, मगर अपनी आत्मनिर्भर और निर्णायक फ़ौजी क्षमता सीमित है। हाल ही में इज़राइल द्वारा क़तर के भीतर घुसकर किया गया हमला इस सच्चाई का खुला प्रदर्शन था कि पैसा सुरक्षा की गारंटी नहीं होता। जब ताक़त का संतुलन आपके पक्ष में न हो, तो संप्रभुता काग़ज़ पर रह जाती है और दुश्मन आपके घर में घुसकर संदेश देता है। यही वह बिंदु है जहां इतिहास वर्तमान से जुड़ जाता है। बग़दाद को जला दिया गया था, कैराकस को ज़िंदा रखकर कमज़ोर किया जा रहा है और मध्य-पूर्व को चेतावनी दी जा रही है। तरीका बदला है, मंसूबा वही है। सभ्यताएं तब गिरती हैं, जब वे दौलत को शक्ति समझने की भूल कर बैठती हैं और शक्ति के असली ढांचे फ़ौज, रणनीति और आत्मनिर्भरता को नज़रअंदाज़ कर देती हैं। कैराकस 2026, दरअसल बग़दाद 1258 की आधुनिक प्रतिछाया है।



-मेजर दानिश
(भारतीय सेना)

## संभल में सरकारी जमीन पर जीरो टॉलरेंस
# गौसुल बड़ा मस्जिद पर चला बुलडोजर



**संभल ( एजेंसी/चिंगारी )।** संभल जिले के राया बुजुर्ग गांव में 552 वर्ग मीटर जमीन पर बनी गौसुल बड़ा मस्जिद को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल और राजस्व विभाग की टीम तैनात रही। इस दौरान पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। इस कार्रवाई की निगरानी जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। मौके पर एडिशनल एसपी कुलदीप सिंह, सीओ असमोली कुलदीप सिंह, एसडीएम रामानुज, तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार समेत 31 राजस्व अधिकारी मौजूद हैं। इसके साथ ही करीब 100 से अधिक पुलिसकर्मियों को गांव में तैनात किया गया है। दरअसल, इससे पहले सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर गांव में बुलडोजर कार्रवाई की गई थी। इसके बाद प्रशासन ने राया बुजुर्ग गांव में बनी गौसुल बड़ा मस्जिद पर कार्रवाई शुरू की। यह वही मस्जिद है, जिसे लेकर अक्टूबर महीने में प्रशासन ने अवैध निर्माण के रूप में चिन्हित किया था। इस मस्जिद का मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंचा था, लेकिन मस्जिद कमेटी को वहां से कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद प्रशासन ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अब मस्जिद को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की है। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह पूरी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने मौके पर बताया कि यहां यह देखना महत्वपूर्ण नहीं है कि संरचना क्या है, बल्कि यह अहम है कि ग्राम समाज की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। तहसीलदार ने कहा कि सरकार की नीति साफ है कि सरकारी या ग्राम समाज की जमीन पर किसी भी तरह के अवैध कब्जे पर जीरो टॉलरेंस अपनाई जाएगी। इसी नीति के तहत यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मस्जिद करीब साढ़े पांच सौ वर्ग मीटर जमीन पर बनाई गई थी। प्रशासन की ओर से पहले इस संबंध में नोटिस भी दिये गये थे। इसके बाद मस्जिद कमेटी ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, लेकिन याचिका खारिज हो जाने के बाद अब प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है।


## कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद (बिजनौर)

पत्रांकः 273 /न0पं0ज0/2025-26 दिनांकः 05.01.2026

**निविदा सूचना द्वारा ई-टेण्डर**

समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत जलालाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त आयोग की बुनियादी अनुदान (प्रथम किश्त) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर के विकास कार्यो हेतु दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएँ समस्त ठेकेदारो/फर्मो से शर्तो के आधार पर आमंत्रित करती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 07.01.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 07.01.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है, तथा दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे कार्यालय में निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने की दिनांक को अवकाश की स्थिति मे अगला कार्य दिवस माना जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 04/ET/NPJ/2025-26 |
| Publish Date and time for RFP | 07.01.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 27.01.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक |
| Date and time of opening tender | 27.01.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे को |
| Place of opening of E-tender | Office Nagar Panchayat Jalalabad |
| E-tender security | 10% of Tender Value |
| E-tender document processing | As per tender list |

समस्त नियम एवं शर्ते वैबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत जलालाबाद**
**बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत जलालाबाद**
**बिजनौर**

# घोर कलयुग



# सुपारी दी लोकेशन बताई भाई ने भाई की हत्या कराई

–अश्मनी विश्नोई

**स्योहारा (चिंगारी)।** इस कलयुग में क्या–क्या देखने को मिलेगा। एक तरफ दुनिया नववर्ष आने पर जश्न में डूबी हुई थी, दूसरी तरफ एक कलयुगी भाई अपने भाई की हत्या की साजिश रच रहा था। उसकी साजिश को कामयाब करने वाले दो युवकों ने रविवार की सुबह गन्ना सेंटर से घर जा रहे राहुल की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

रविवार को सुबह करीब 9 बजे राहुल पुत्र सतपाल निवासी हल्दुआ माफी गन्ना डालने अपने घर से सेंटर गया, जिसकी लोकेशन राहुल के भाई दुष्यंत ने शूटरों को दी, जिस पर दोनों शूटर सेंटर के पास स्थित आम के बाग में पल्सर मोटरसाइकिल से पहुंच गये। राहुल जब वापस अपने घर की ओर आया तो दोनों बदमाशों ने उसे रोका, जिसके बाद बदमाशों ने उस पर गोली चला दी, जिसमें राहुल की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस घटना स्थल पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिक्षक ने भी मौका मुआयना किया और तीन टीमें बनाकर खुलासे के लिए लगा दीं। शूटरों की लोकेशन नगीना क्षेत्र में मिली, जिस पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स नगीना पहुंचा और स्वाट टीम, सर्विलांस टीम, नगीना पुलिस के सहयोग से नगीना–नहटौर मार्ग पर स्थित कालाखेड़ी के पुल निकट दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में पल्सर बाइक से आते देख रोका तो उन्होंने पुलिस को देख फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जबाबी कार्यवाही में गोली चलाई, जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी। दोनों को नगीना सीएचसी भर्ती कराया, जहां से दोनों को हायर सेंटर रैफर कर दिया। शूटरों के पकड़े जाने पर गांव व क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।



पकड़े गये सुपारी किलर



घटना स्थल पर खड़ा मृतक राहुल का ट्रैक्टर

## 6 जनवरी को होनी थी राहुल की सगाई



**स्योहारा (चिंगारी)।** जिस घर में दो दिन बाद सगाई होनी थी, वहां अब रूलाइयां फूट रही हैं। जहां शादी के गीत गूंजने थे, वहां आज सिसकियां हैं। राहुल चार बहनों और दो भाइयों का बड़ा सहारा था। तीन बहनों की शादी हो चुकी। छोटी बहन और छोटा भाई अभी जवानी की दहलीज पर खड़े थे। राहुल की सगाई वाले 6 जनवरी को आने वाले थे, सभी परिवार के लोग खुश थे। लेकिन उन्हें क्या पता कि जिस घर में शहनाई की गुंजनी थी, वहां मातम छाएगा। राहुल के पिता ने बताया कि राहुल का किसी से झगड़ा नहीं था, वह अपनी सगाई को लेकर खुश था, लेकिन पास ही खड़े राहुल के भाई दुष्यंत का चेहरे पर अजीब भाव था। किसी को यह नहीं पता था कि भाई ही भाई की हत्या करा देगा।

## ... वर्ना राहुल मुझे मरवा देता

**स्योहारा (चिंगारी)।** पुलिस ने जब दुष्यंत से सगे भाई राहुल की हत्या कराने का कारण पूछा तो उसने बताया कि राहुल उससे रंजिश रखने लगा था। इसी रंजिश में वह किसी दिन उसे मार देता। दुष्यंत ने कहा कि इससे पहले राहुल उसे मारता, उसने उसे ही मरवा दिया। दुष्यंत ने बताया कि वर्ष 2019 में उसने व गांव के रोबिन ने एक महिला को चाकू मारकर घायल कर दिया था। दोनों जेल गये थे। रोबिन को यह शक था कि महिला को चाकू मारने के लिए दुष्यंत को मोटी रकम मिली है, लेकिन उसने हिस्सा नहीं दिया। रोबिन मृतक राहुल का दोस्त था। उसने राहुल के दिमाग में भी यह बात डाल दी थी कि महिला को चाकू मारने के लिए दुष्यंत को मोटी रकम मिली थी। रोबिन ने बताया कि उसने एक वाहन खरीद लिया था, जिससे उसके भाई का यह शक यकीन में बदल गया था। रोबिन के अनुसार लगभग तीन माह पूर्व राहुल ने लोहे की रॉड से उसके सर पर वार किया था। वह उसे जान से मारने की धमकी देता रहता था। इसीलिए उसने सुपारी देकर अपने भाई राहुल की हत्या करा दी।

## चंद घंटों में ही हुआ चौकाने वाला खुलासा



मुठभेड़ के दौरान पकड़े गये शूटर

**स्योहारा (चिंगारी)।** घटना के चंद घंटों बाद ही पुलिस घटना का खुलासा करने में कामयाब हो गयी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना के बाद जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में चैकिंग अभियान चलाया गया था। नगीना क्षेत्र में कालाखेड़ी पुल के पास स्योहारा व नगीना पुलिस चैकिंग कर रही थी कि तभी बाइक से आ रहे दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। उन्होंने रुकने के बजाए बाइक तेज दौड़ा दी। पुलिस ने पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायर झोंक दिये। जवाबी फायरिंग में दोनों युवकों के पैर में गोली लगी और वे लड़खड़ाकर गिर गये। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम अमजद पुत्र राशिद निवासी ग्राम गजरौला शिव, थाना बिजनौर व विनित पुत्र सुरेश निवासी ग्राम कुलचाना थाना चांदपुर बताए। पुलिस ने उनके पास से दो तमंचे, तीन जिंदा व तीन खोखा कारतूस बरामद किये। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि स्योहारा थाना क्षेत्र में हुई राहुल की हत्या उन्होंने ही की है। पुलिस के अनुसार दोनों ने बताया कि राहुल के छोटे भाई दुष्यंत ने उन्हें हत्या करने के लिए चार लाख रुपये देने को कहा था। पुलिस ने आरोपी दुष्यंत को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## हरिद्वार में रची गयी राहुल की हत्या की साजिश

**स्योहारा (चिंगारी)।** पुलिस ने बताया कि दुष्यंत हरिद्वार में रहकर अपनी दो कारों का संचालन करता था। दुष्यंत ने हरिद्वार में ही कार चलाने वाले अपने परिचित अमजद और उसके साथी विनीत से संपर्क किया। यहीं पर चार लाख रुपये में राहुल की हत्या की साजिश रची गयी। हत्या का खेल देखने शनिवार को दुष्यंत हरिद्वार से गांव पहुंचा और रविवार सुबह अमजद व विनीत बाइक से हल्दुआ माफी पहुंचे। जैसे ही राहुल ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर क्रय केंद्र के लिए निकला, हत्यारों को सूचना दी गई और वारदात को अंजाम दिया।

## बटलर ने बिजनौर के दो लोगों से मांगी थी रंगदारी

**स्योहारा (चिंगारी)।** हत्या में शामिल शूटर विनीत उर्फ बटलर का अपराधिक इतिहास काफी लंबा है। बटलर अपने ही गांव के एक बच्चे के साथ कुष्कर्म और हत्या करने के मामले में जेल गया था। इसके बाद उसके से खिलाफ 13 मामले दर्ज हुए। बटलर ने बिजनौर के एक जूता व्यापारी और होम्योपैपिक चिकित्सक नवनेश कोठारी से भी रंगदारी मांगी थी।



घटना स्थल पर पुलिस को निर्देश देते एसपी अभिषेक झा।

# संघ के सह सर कार्यवाह आलोक कुमार ने दिया राष्ट्रीय एकता व समरसता का संदेश

## अधिकारों के साथ कर्तव्यों के निर्वहन का किया आह्वान






**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** कोतवाली देहात कस्बे में स्थित आरएसएस की स्वामी विवेकानंद शाखा के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सर कार्यवाह आलोक कुमार ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### भारतीय संस्कृति का गौरवशाली इतिहास

**उन्होंने कहा कि दुनिया को पहली किताब और लिपि भारतीय संस्कृति ने ही दी। सबसे पहले मकानों की व्यवस्था भी भारतीय सभ्यता में ही देखने को मिलती है। ऐसे में हमें अपनी संस्कृति के मूल्यों और गौरवशाली इतिहास को समझने और उस पर गर्व करने की आवश्यकता है।**

### संघ में नहीं है जाति और भेदभाव

**आलोक कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार प्राप्त है। संघ में जाति, वर्ग या किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं है। स्वयंसेवक समाज और राष्ट्र के हित में बिना किसी भेदभाव के सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक देश में आने वाली हर आपदा के समय सबसे पहले सेवा के लिए आगे आते हैं। बाढ़, सूखा, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं में स्वयंसेवकों ने हमेशा निस्वार्थ भाव से अपनी भूमिका निभाई है।**

उन्होंने कहा कि देश की मजबूती केवल अधिकारों की बात करने से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के ईमानदार निर्वहन से संभव है। प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझना और निभाना होगा।

जैन जनसेवा मैदान में आयोजित इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आलोक कुमार ने भारतीय संस्कृति की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें लगभग चार हजार वर्ष पुरानी हैं और यह संस्कृति आज भी पूरी दुनिया को दिशा दिखाने का काम कर रही है। देश के प्रत्येक नागरिक के मन में देशभक्ति और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब देश में देशभक्ति की भावना कमजोर पड़ी, तभी देश गुलामी की ओर बढ़ा।




आलोक कुमार ने कहा कि जिन अंग्रेजों ने कभी भारत पर शासन किया था, आज उनकी अर्थव्यवस्था भारत से पीछे रह गई है। यह देश की प्रगति और सामर्थ्य का प्रमाण है। भारत तेजी से उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमें अपने परिवार और समाज की छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करना सीखना होगा और बड़े राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देनी होगी। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक निखिल कुमार के साथ ही अंकित कुमार, राहुल कुमार,रूपेश कुमार, हैप्पी कुमार, अंकुर कुमार,शिवम जैन, धर्मेंद्र ढाका, क्रांति कुमार, मुकेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति और एकता के संदेश के साथ किया गया।

### वसुधैव कुटुंबकम भारतीय पहचान

**उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' भारतीय संस्कृति की मूल पहचान रही है। आज भी भारतीय समाज इसी परंपरा को जीवित रखे हुए है। पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की भावना भारतीय चिंतन की विशेषता है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति तो जागरूक है, लेकिन हमें अपने कर्तव्यों को भी उतनी ही गंभीरता से समझना होगा।**

# फरवरी में होगा ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक आवश्यक बैठक नई बस्ती निवासी महेश चंद शर्मा के आवास पर जिला अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र शर्मा अंगिरस की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार उपाध्याय एडवोकेट के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में जिला कार्यकारिणी का गठन और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व पारिवारिक विवरण प्रपत्र भरवाए जाएंगे। इस अवसर पर मनोज कुमार उपाध्याय नोटरी वकील को अधिवक्ता प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने बताया कि वह अपने स्तर से जनपद के विभिन्न स्थानों पर बैठकों का आयोजन कर अच्छे, कर्मठ और ब्राह्मण समाज के लिए समर्पित लोगों को जोड़कर बड़ी कार्यकारिणी का गठन करेंगे। बैठक में मोहित गौड़, अनिल शर्मा फौजी, राजीव शर्मा, मोहित शर्मा, आशीष गौड़, नरेश शर्मा, पं. सुशील कुमार शर्मा, पं. दिनेश चंद्र शास्त्री, आशीष शर्मा, आलोक भारद्वाज, योगेंद्र शर्मा एवं सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** रविवार की शाम हुई दो बाइकों की भिड़ंत में एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु निजी अस्पताल में ले जाया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार नगीना निवासी ओमपाल सिंह अपने पुत्र रोहन और रिश्तेदार गौतम के साथ बाइक पर सवार होकर शेरकोट की ओर आ रहे थे। जब ये हरेवली मार्ग पर स्थित भिक्कावाला मोड़ के निकट पहुंचे तो सामने से आयी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से रोहन व गौतम और दूसरी बाइक पर सवार रानीबाग कालोनी धामपुर निवासी दीपक कुमार गिरकर घायल हो गए। घायलों को उनके साथी उपचार हेतु अपने साथ निजी अस्पताल में ले गए। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

# किसानों का डीएफओ आफिस पर धरना सातवें दिन भी जारी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन का धरना डीएफओ ऑफिस पर सातवें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पंचायत की अध्यक्षता चैधरी सत्यपाल सिंह एवं संचालन अजय बालियान ने किया। पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि जब तक किसानों का गंगा खादर क्षेत्र के किसानों की भूमि का सीमांकन नहीं होने व उनकी फसलों का मुआवजा किसानों पर लगे मुकदमे वापस नहीं होने के तब तक धरना जारी रखने की बात कही। पंचायत में मंडल उपाध्यक्ष चैधरी महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, जिला उपाध्यक्ष गुड्डू, सत्यपाल सिंह, बेघराज सिंह, राज सिंह, अमित चैधरी, ज्ञान सिंह, निखिल कुमार, राहुल सिंह, प्रमोद कुमार, मोहम्मद यूसुफ, थानी सिंह, विजय सिंह, मोहम्मद जाहिद आदि मौजूद रहे।**

# 29 दिसम्बर से लापता देवांश का अभी तक भी कुछ सुराग नहीं लगा

## पुलिस की तीन टीमें कर रहीं तलाश

**धामपुर ( चिंगारी )।** 29 दिसंबर सोमवार की सांय घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकले छात्र देवांश चौहान की 5 जनवरी को भी बरामदगी नहीं हो पाई है। उधर ,कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा की बरामदेगी के लिए पुलिस ने तीन टीमे लगा रखी है। उन्होंने कहा कि देवांश चौहान की बरामदगी शीघ्र कर ली जाएगी। अब तक जो जानकारी मिली है उसके आधार पर छात्र देवांश अभी सुरक्षित है। मालूम हो कि शेरकोट क्षेत्र के ग्राम नगला बुद्धा निवासी देवांश चौहान पुत्र अरुण चौहान धामपुर में जीवन ज्योति अस्पताल के पास परिजनों के साथ रहता है। 29 दिसम्बर सोमवार की सांय वह ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकाला था परंतु वापस नहीं लौटा। छात्र देवांश चौहान के न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दे दी थी । इसके बाद पुलिस ने तीन टीमें गठित करके छात्र की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं बेटे देवांश चौहान के अचानक घर से चले जाने पर उनके माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने उसके मित्रों वह सभी रिश्तेदारियों में उसके बारे में जानकारी की परंतु वहां से भी कोई सुराग नहीं लगा।सर्दी के इस मौसम में देवांश घर से दूर कैसे रह रहा होगा उन्हें यही चिंता सता रही है 16 वर्षीय देवांश चौहान कक्षा 11 का छात्र है।



# एक और गाय की मौत, ज्यादातर गौवंश मरणासन्न स्थिति में

## 4 माह से नहीं मिला हरा चारा



बढ़ापुर (चिंगारी)। नगर से सटी ग्राम पंचायत सिक्कावाला की गौशाला में ज्यादातर गौवंश मरणासन्न स्थिति में है। भूख, ठंड और बीमारी से तड़प रहे गौवंश का हाल बूचड़खाने से भी बदतर है। बिजनौर टाइम समूह के समाचार पत्रों दैनिक बिजनौर टाइम्स एवं सांध्य दैनिक चिंगारी में प्रकाशित समाचारों का उच्चाधिकारियों द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद रविवार को पशु चिकित्सक ने गौशाला में पहुंचकर बीमार गौवंश का उपचार प्रारंभ किया है। लेकिन, एक गाय की उपचार से पूर्व ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

ग्राम पंचायत सिक्कावाला द्वारा संचालित गौशाला में गौवंश की स्थिति बहुत दयनीय बनी हुई है। गौशाला में 73 गौवंश मौजूद थे। इनमें से अधिकतर गौवंश बहुत दुर्बल स्थिति में पहुंच गए हैं, जिनसे बैठकर उठा तक नहीं जाता है। इसका मुख्य कारण भोजन की कमी है। 4 महीने से एक भी दिन गौवंश को हरा चारा नहीं मिला है। चारे के नाम पर उनके सामने सिर्फ थोड़ा सा सूखा भूसा डाल दिया जाता है जिससे वह मरने की हालत में पहुंच गए हैं। भूख और बीमारी से तड़प रहे गौवंश के लिए गौशाला में ठंड से बचने का भी कोई उपाय नहीं है।

शनिवार को गौशाला में तीन गाय गंभीर रूप से बीमार थी। इनमें से एक गाय की शनिवार रात को ही मौत हो गई थी। जिसे गौशाला की भूमि में ही गड्ढा खोदकर दिन निकलने से पहले ही दफ़न कर दिया गया। दो और गौवंश की केवल सांसे चल रही हैं। भूख, बीमारी और ठंड से लड़ते-लड़ते गौवंश की ऐसी हालत हो गई कि जो एक बार गिर गई, वे उठ नहीं पा रही हैं।



इस बीमार गाय की मौत हो गई।

## गौवंश की मौत की जांच होनी चाहिए



गौशाला संचालकों द्वारा जीवित गौवंश को दबाने के लिए एडवांस में ही गड्ढे खोदे जाने के कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भाजपा के मंडल महामंत्री एवं सभासद राहुल कश्यप कहते हैं कि गौशाला में गाय लगातार भूख और बीमारी से मर रही हैं। उनका यह भी कहना है कि जहां गड्ढे खोदे गए हैं, वहां बहुत सारी गायों के कंकाल दबे पड़े हैं। इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को उनके कृत्य की सजा मिलनी चाहिए।



रविवार को एक और गाय मरणासन्न हालत में पहुंच गई।

## हरा चारा न मिलने से गौवंश में रोग प्रतिरोधक क्षमता नहीं बची - सहदेव



गौशाला में बीमार पड़े और मर रहे गौवंश के संबंध में सवाल पूछे जाने पर पशुधन प्रसार अधिकारी सहदेव बताते हैं कि बीते तीन-चार माह से गौवंश को हरा चारा नहीं मिला है। मात्र सूखा भूसा खाने से गौवंश के शरीर में इम्यून पावर नहीं बची है। वह बताते हैं कि जिस तरह इंसान के शरीर को स्वस्थ रहने के लिए सभी तरह का भोजन चाहिए, उसी तरह पशुओं को भी हरा चारा देना जरूरी होता है। हरा चारा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। हरा चारा न मिलने से गौशाला में मौजूद गौवंश का शरीर बीमारी और ठण्ड से लड़ नहीं पा रहा है जिसके चलते गाय की मौत हुई है और अन्य गौवंश दयनीय हालत में पहुंच रहे हैं। सहदेव का कहना है कि उनके द्वारा कई बार कहे जाने पर भी गौवंश को हरा चारा नहीं दिया जा रहा।

## गौशाला में कोई व्यवस्था नहीं बदली

**शनिवार को सिक्कावाला ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान अंकित सैनी ने बिजनौर टाइम्स समूह संवाददाता द्वारा गौवंश को हरा चारा न दिए जाने के संबंध में सवाल पूछे जाने पर कहा था कि रविवार से गौवंश को हरा चारा दिए जाने के साथ ही गौशाला की सारी व्यवस्था बदली हुई मिलेगी। लेकिन गौवंश के सामने केवल सूखा भूसा ही पड़ा था। पशु चिकित्सक की उपस्थिति के अलावा गौशाला में गौवंश के लिए हरे चारे और ठंड से बचाव के लिए कोई उपाय नहीं किया गया।**

## गौशाला की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भी जिम्मेदार

**बढ़ापुर ( चिंगारी ) ग्राम पंचायत सिक्का वाला की गौशाला में भूख, बीमारी और ठंड से तड़प-तड़प कर गायों की मौत हो रही है। गौशाला संचालकों के अलावा इन बेजुबानों की मौत के जिम्मेदार वह लोग भी हैं जिन्होंने गौशाला की भूमि पर अवैध कब्जे कर अपना पेट भरने के लिए फसलें बो रखी हैं और भूखे गौवंश को तड़प-तड़प कर मरने के लिए मजबूर कर दिया है। गौवंश की दयनीय स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन भी गौशाला की भूमि अवैध कब्जा धारकों से कब्जा मुक्त नहीं करा पा रहा है। अगर गौशाला की भूमि कब्जा मुक्त हो जाए तो फिर एक भी गौवंश की मौत भूख से नहीं होने वाली है।**

**गौरतलब है कि ग्राम खन्नावाली दहलावाली मौजा की 84 बीघा भूमि है। इस भूमि मे मात्र 5 बीघा भूमि में गौशाला बनी है। गौशाला की शेष 79 बीघा भूमि पर हरी फसले लहलहा रही है। गौशाला की भूमि में खड़ी इन फसलों के एक भी तिनके पर भी भूख से तड़प रहे गौवंश का हक नहीं है। इसकी वजह यह है कि कुछ लोगों ने गौशाला की इस भूमि पर अवैध कब्जे कर फसलें बो रखी है। गौशाला संचालकों से लेकर राजस्व विभाग के किसी भी अधिकारी ने गौशाला की भूमि पर अवैध कब्जे धारकों से भूमि को मुक्त कराने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है। इसका असर ही हुआ कि बीते 4 माह से गौशाला में मौजूद गौवंश को एक भी दिन हरा चारा नहीं मिल पाया जिसके चलते बेजुबान गौवंश गौशाला के भीतर भूख, बीमारी से तड़प-तड़प कर मरने लगे। गौशाला की भूमि पर अवैध कब्जा धारकों को गायों की ऐसी दयनीय स्थिति को देखकर उन पर जरा भी दया नहीं आई। 79 बीघा रकबे में खड़ी फसलों में अगर भूख और बीमारी से तड़प रहे गौवंश को खुला छोड़ दिया जाए तो फिर शायद एक भी गाय की मौत भूख से नहीं मर सकती है। मगर इन बेजुबानों की जान की किसी को कोई परवाह नहीं है, इसलिए न तो कोई कब्जा धारक भूमि को छोड़ने को तैयार है और न ही राजस्व विभाग भूमि को कब्जा मुक्त कर पा रहा है।**

# धूमधाम से मनाया गया विद्यालयों का वार्षिकोत्सव

**बिजनौर ( चिंगारी )।** माया देवी पंडित कन्या इंटर कॉलेज एवं सुरेशचंद्र शर्मा पब्लिक स्कूल के 15वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार पंडित सुनील शर्मा रहे। कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व बैराज पर मंत्री जी का सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। उसके पश्चात मंत्री जी डॉ. मोहित शर्मा के आवास पर साहित्य विहार बिजनौर

## मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का जोरदार स्वागत

पहुंचे। इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल माया देवी पंडित कन्या इंटर कॉलेज शेखपुरा को प्रस्थान किया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा अनेक मनमोहन प्रस्तुति दी गई। मंत्री जी का स्वागत डॉक्टर संजीव शर्मा दानी, आशीष शर्मा, डॉक्टर मोहित शर्मा, राजीव शर्मा दानी, पंकज शर्मा द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य मधुसूदन शास्त्री हरिद्वार रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव शर्मा दानी ने किया। मंत्री जी तथा प्रबंधन तंत्र द्वारा विद्यालय




के गत वर्ष में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। क्षेत्र से पधारे गए ग्राम प्रधानों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर मंत्री जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट बांटें जाएंगे। उन्होंने मैकाले द्वारा दी गई शिक्षा व्यवस्था से होने वाली हानि के विषय में बताया तथा कन्या शिक्षा पर विशेष बल दिया। ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे माया देवी पंडित कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंध तंत्र की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में गौतम शर्मा, कमल शर्मा, नितिन शर्मा, देवेन्द्र सिंह, संतोष शर्मा, मोहित शर्मा, अभिनेश शर्मा और अमित राणा, शरद शर्मा, पवन शर्मा एडवोकेट, शोभा शर्मा, रोहित भारद्वाज, मुकुल शर्मा, एकांश शर्मा, खेलेंद्र सिंह, सचिन मलिक प्रधान, सूरज भारद्वाज, खड़क सिंह, मोन वीर, सुभाष चंद्र, प्रधानाचार्य डॉ. आकांक्षा रस्तौगी एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।




# मंजू गोयल की स्मृति में किया कम्बल वितरण



**चांदपुर ( चिंगारी )।** अग्रवाल सभा चांदपुर के पूर्व अध्यक्ष नरेश कुमार गोयल ने अपनी पत्नी स्व. श्रीमती मंजू गोयल की स्मृति में 200 जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया। मुहल्ला साहुवान में अपने आवास पर नरेश गोयल व उनके परिवार वालों ने जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर स्व. श्रीमती मंजू गोयल के पुत्र नितिन कुमार गोयल व गौरव कुमार गोयल, पुत्रवधू श्रीमती निकिता गोयल व पौत्र शुभ गोयल आदि मौजूद रहे।

# सुशील वर्मा ने आयोजित किया नेत्र जांच शिविर

**हल्दौर ( चिंगारी )।** समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 154 मरीजों की आंखों का चैकअप किया गया, जिनमें से टेक्नीशियन टीम ने 80 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। यहां वर्मा मैरिज हॉल पर लगे नि:शुल्क नेत्र शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्रों के लोग अपनी आंखों का चैकअप कराने पहुंचे। जिनकी आंखों का निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क चैकअप किया गया। चिकित्सकों की टीम में शामिल डा. बब्बू, गौरव कुमार, संजय बर्थवाल, मोहित कुमार, मुकेश रामोला, रितिका, शुभम, निमिशा भट्ट आदि ने 154 मरीजों की आंखों का चैकअप कर 80 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया। चयनित सभी 80 मरीजों को रविवार को ही ऑपरेशन के लिये ऋषिकेश ले जाया गया। शिविर में सुशील वर्मा, महिपाल सिंह, जितेंद्र फौजी, दुष्यंत चौहान देशू, डॉ. गजराज सिंह, डा. वीरेन्द्र सिंह, अरविंद चौहान, तरंग वर्मा व भोले वर्मा आदि का सहयोग रहा।



# अखंड ज्योति के शताब्दी समारोह की सफलता को आहुतियां प्रदान कीं

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गायत्री शक्ति पीठ पर आयोजित गायत्री महायज्ञ में शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में इसी माह 18 जनवरी 2026 से लेकर 23 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित छह दिवसीय विशाल राष्ट्रीय समारोह की सफलता के लिए विशेष मंत्रों से आहुतियां प्रदान कीं गईं। साहू केदार नाथ और बिजेन्द्र राठी ने यज्ञ कराया। बिजेन्द्र राठी ने बताया कि आगामी 18 जनवरी से लेकर 23 जनवरी तक बैरागी द्वीप हरिद्वार में शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखंड ज्योति प्रज्वलन के सौ वर्ष पूर्ण होने और माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी पर एक विशाल राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया गया है। इसके लिए श्रीगंगाजी के किनारे बैरागी द्वीप पर हजारों वर्गफुट क्षेत्रफल में एक विशाल नगर बसाया गया है। इस नगर में छह से अधिक विशाल पंडाल और सौ से अधिक विशाल कुटीर बनाए गए हैं। इस अस्थायी नगर में भोजनालय, पुस्तकालय, औषधालय, स्नानघर, शौचालय समेत गायत्री साधकों की दिनचर्या, गायत्री महायज्ञ व प्रवचन आदि व्यवस्थाओं और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस छह दिवसीय राष्ट्रीय समारोह में देश-विदेश से हजारों गायत्री परिजन, सनातनी और



अन्य बंधु भी विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। बिजेन्द्र राठी ने बताया कि इस नगर की साफ सफाई और बसाने का कार्य लगभग दो माह से चल रहा है। अब लगभग पूर्णतया की ओर है। इस विशाल नगर में प्रात:काल चार बजे से गायत्री महायज्ञ, प्रातराश, प्रवचन, भोजन, दीपयज्ञ और अन्य विशेष कार्यक्रम होंगे। आज के यजमान हृदयेश सिंह और ओमपाल सिंह रहे। यज्ञ में अमरेश राठी, इंजीनियर रामपाल सिंह, प्रेमप्रताप सिंह, दीप चंद, सोरन सिंह परिहार, कमलेश शर्मा, कुशाग्र शर्मा, दीप्ति शर्मा, ओमपाल



सिंह, नर्मदा साहू और ओमवती समेत अनेक श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान कीं। इसके अतिरिक्त पौष पूर्णिमा पर संध्याकाल में शक्ति पीठ पर सुधा राठी के मार्ग दर्शन में विशेष दीपयज्ञ किया गया। दीपयज्ञ के माध्यम से भी जन्म शताब्दी समारोह की सफलता की प्रार्थना की गई। दीपयज्ञ में अनेक महिलाओं ने सहभागिता की।

### जनपद से सैकड़ों भाई-बहन समय दान कर चुके

**बिजेन्द्र राठी ने बताया कि जनपद से भी सैकड़ों कार्यकर्ता भाई-बहन वहां समय दान कर चुके हैं और अभी भी कर रहे हैं। इस विशाल और विशेष समारोह की सफलता के लिए प्रदेश और विभिन्न राज्यों में शांति कुंज हरिद्वार से जुड़े जिला समन्वयक और सहसमन्वयक समेत सैकड़ों पदाधिकारी नगर और गांव स्तर पर बैठकें लेकर समारोह की जानकारी दे चुके हैं। समारोह की सफलता को आज के यज्ञ में विशेष आहुतियां दी गईं।**

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाश पर्व




**बिजनौर ( चिंगारी )।** गुरूद्वारा सिंह सभा, नई बस्ती, बिजनौर में श्री गुरू गोवन्द सिंह जी का आगमन (प्रकाश उत्सव) श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभातफेरियां 29 दिसम्बर 25 से आरंभ हुई व आज 5 जनवरी को समाप्त हुई। स्त्री सत्संग जत्था व संगत का पूर्ण सहयोग रहा। आज श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति उपरांत हजूरी जत्था आये अमरजीत सिंह एवं साथियों द्वारा कीर्तन किया गया। शाहजहापुर से आये सभी जत्था भाई कुलविंदर सिंह एवं साथियों द्वारा श्री गोविन्द सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं गुरूवाणी कीर्तन द्वारा संगत का मन मोह लिया। इस अवसर पर इलाके की संगत का विशेष योगदान रहा तथा संगत ने बड़ी संख्या में गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर विशेष लंकर छका तथा गुरू साहिब का आशीर्वाद लिया। गुरू अटूट लंगर लगाकर दिन-रात चलता रहा। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। प्रबंधकों ने सब का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक स. गुरजीत सिंह कालरा, स. रविन्द्र सिंह कालरा, स. जोगेन्द्र सिंह गुलाटी, स. रविन्द्र सिंह, स. जसविंर सिंह, स. मनेन्द्र सिंह, स. अमरजीत सिंह, स. हरप्रीत सिंह, स. जसपाल सिंह आदि ने सभी नगरवासियों तथा स्त्री सत्संग जत्था बिजनौर का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने परस्पर गुरूघर की सेवा की तथा साहिब का आशीर्वाद लिया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका तथा गुरू जी दर्शाये मार्गों पर चलने का आह्वान किया।

## ससुराल वालों ने सताया

## पीड़िता ने मामला दर्ज कराया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय पुलिस ने दहेज़ उत्पीड़न के आरोप में पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब चार वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला रविदास नगर निवासी जाकिर के साथ हुई थी। आरोप है कि उसका पति और ससुराल वाले शादी में मिले दहेज़ से खुश नहीं थे। तथा दहेज में पांच लाख रुपए और बाइक की मांग करते हुए उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते रहते हैं। दहेज़ की मांग पूरी नहीं करने पर पति जाकिर के साथ मिलकर शमा, अलफिया, शाकिर, नुशरत, बेबी पत्नि इकरामु उसे प्रताड़ित कर रहे थे। पीड़िता का आरोप है कि उसके देवर ताहिर ने उसे अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। उसने अपने पति के सामने देवर की हरकतों का विरोध किया तो पति ने उसकी एक नहीं सुनी। उल्टा उसे ही धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। उस दिन से वह अपने मायके में रह रही है।

## पेड़ काटने की शिकायत करने पर मां-बेटे पर हमला दिया कर

**शेरकोट ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने महिला सहित चार लोगों पर लाठी डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम हरेवली निवासी अर्जुन सिंह ने तहरीर में बताया कि वह शनिवार को अपने खेत से लौट रहा था। इस दौरान उसने पप्पू नाम के एक व्यक्ति को ग्राम समाज की भूमि में खड़े पेड़ों को कटवाते हुए देखकर इसकी शिकायत हलका लेखपाल और 112 पर पुलिस से कर दी। जिस पर पहुंची पुलिस ने पेड़ों के कटान को बंद करा दिया। अर्जुन का आरोप है कि इस बात से क्षुब्ध होकर आरोपी पप्पू, इरफान, ज्योति और एक अज्ञात ने उसके और उसकी मां के साथ गाली-गलौच की और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। मना करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट की, जिससे मां-बेटे को काफी चोट लगी। आसपास के लोगों के उन्हें बचाया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी पप्पू, इरफान ज्योति और एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी..

## डा. अनम संग अरबाज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूर भारत पेट्रोल पम्प के स्वामी व ग्राम पंचायत पीपला जागीर के पूर्व प्रधान इफ्तेखार अहमद उर्फ बाबू प्रधान की बेटी डॉ. अनम परवीन का निकाह नोएडा निवासी सगीर अहमद अंसारी के बेटे अरबाज़ अंसारी के साथ रविवार की रात सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजनीतिक व सामाजिक लोगों ने दूल्हा-दुल्हन को नेक दुआओं से नवाजा। वैवाहिक कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री हाजी कुतुबुद्दीन अंसारी, पालिकाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष हाजी इरशाद अली, असपा नेता हाजी मोहम्मद उस्मान, बसपा नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी, डॉ. मोहम्मद अली, शांतनु गुप्ता, महबूब अली, हाजी शकील अहमद, हाजी नफ़ीस मंसूरी, अनिल कुमार, डॉ. कुंतेश सैनी, डॉ. यशपाल सैनी, पूर्व उपचेयरमैन राजेन्द्र चौधरी, संजीव चौधरी, व्यापारी नेता तसलीम अहमद इदरीसी, सभासद असलम मलिक, शमीम अल्वी एडवोकेट,नफ़ीस जाफ़री एडवोकेट, नफ़ीस परवेज़, शाह आलम मलिक प्रधान, सलीम नज़र, ट्रांसपोर्टर अफ़जाल मंसूरी, नरेश कर्णवाल, कफ़ील सैफ़ी, अशफ़ाक खान, हाजी महमूद उल हसन आदि मौजूद रहे। हाजी वकार अहमद, हाजी इस्तेखार अहमद व तल्हा अंसारी ने मेहमानों का इस्तकबाल किया।

## दहेज मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम की सर्वत्र हो रही प्रशंसा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** गत शुक्रवार व शनिवार को अफजलगढ़ में दो दिवसीय दहेज मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन पर आयोजक टीम के इस कदम की नगर व क्षेत्रवासियों द्वारा सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। प्रशंसकों का कहना है कि दहेज का बढ़ता चलन समाज पर एक बदनुमा कलंक है, जिसे मिटाना हम सब की जिम्मेदारी है। इस आयोजन के प्रशंसकों का मानना है कि शादियों में दहेज अमीर-गरीब के बीच में गहरी खाई बनाए हुए हैं, जिस खाई को पाटना बेहद जरूरी है, जिससे गरीब परिवार की बेटियों की शादियां भी समय पर आसानी से हो सकें। हालांकि आयोजन को लेकर तरह-तरह के मशवरे भी सामने आ रहे हैं। जिन्हें भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों हेतु और सुधार की सख्त जरूरत बताया जा रहा है। इस कुप्रथा की समाप्ति के प्रयास के समर्थक व्यक्तियों का मानना है कि इस अभियान में नौजवान आगे आए हैं जो सफलता प्राप्ति के लिए बहुत जरूरी हैं, बस अमल की जरूरत है। आयोजक टीम में शामिल शुऐब कुरैशी का कहना है कि अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा और नगर व क्षेत्रवासियों द्वारा मिल रहे मशवरों पर पूरी गंभीरता से विचार कर भविष्य में उन पर अमल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### आयोजकों की सराहना कर रहे लोग

## हर्षोल्लास से मनाया प्रकाश उत्सव

**नगीना ( चिंगारी )।** श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा सिंह सभा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कीर्तन दरबार एवं लंगर का आयोजन हुआ।

### कीर्तन दरबार व लंगर का आयोजन हुआ



नगीना स्थित गुरुद्वारे में गणमान्य लोगों को सरोपा भेंट करते गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी।

रविवार को प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में गुरुद्वारा दीवान हाल में सुबह श्री सुखमणि साहिब के पाठ हुए। इसके बाद कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें अरविंदर सिंह स्योहारा वालों के कीर्तनी जत्थे द्वारा अलौकिक गुरबाणी कीर्तन कर सभी संगतों को निहाल किया। उन्होंने श्री गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उन्होंने धर्म की खातिर छोटी उम्र में ही अपने पिता की शहादत दी और फिर खालसा पंथ की स्थापना की। हिंदू धर्म की रक्षा की खातिर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। दोपहर लगभग 1:30 बजे सरबत दे भले की अरदास के बाद लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने लंगर छका। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सभी आए अतिथियों का गुरु घर के सर्वोच्च सम्मान सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केवल पाल सिंह, गोरखनाथ खन्ना, राजकुमार सेठी, तिलक राज, सुखविंदर सिंह, जगमीत सिंह, नरेंद्र मल्होत्रा, गुरमुख सिंह, हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह, सभासद गोपाल शर्मा, शेख जमशेद, मोहम्मद शानू आदि सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

# वेदांता कलिंगा लांसर्स ने रांची रॉयल्स को 4-2 से हराया

**चेन्नई (एजेंसी/चिंगारी)।** वेदांता कलिंगा लांसर्स ने रविवार को पुरुषों की हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में रांची रॉयल्स पर 4-2 से जीत हासिल की। आज यहां चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में वेदांता कलिंगा लांसर्स के लिए अलेक्जेंडर हेन्ड्रिक्स ने (सातवें, 28वें) और गुरसाहिबजीत सिंह ने (16वें, 26वें) मिनट में गोल किए, जबकि रांची रॉयल्स के लिए टॉम बून ने (पहले) और मनदीप सिंह ने (नौवें) मिनट में गोल किए।



रांची रॉयल्स ने मैच के पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और टॉम बून ने (पहले) मिनट में इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए, एक जोरदार ड्रैगफ्लिक से गेंद को नेट में डाल दिया। इसके बाद वेदांता कलिंगा लांसर्स ने जल्दी ही खुद को संभाला और सातवें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर जीता। बेल्जियम के ड्रैगफ्लिक विशेषज्ञ अलेक्जेंडर हेन्ड्रिक्स (सातवें) मिनट आगे बढ़े और गोलकीपर को छकाते हुए एक बेहतरीन फ्लिक से बराबरी का गोल किया। दो मिनट बाद, रांची रॉयल्स ने फिर से बढ़त बना ली, जब विष्णुकांत सिंह ने सर्कल में मनदीप सिंह ने (नौवें) मिनट में गेंद को जीतकर गोल किया। 13वें मिनट में, वेदांता कलिंगा लांसर्स ने पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल करने के लिए एक दिलचस्प वेरिएशन आजमाया, लेकिन रोशन कुजूर का प्रयास लक्ष्य से थोड़ा चूक गया। वेदांता कलिंगा लांसर्स ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत एक महत्वपूर्ण फील्ड गोल के साथ मज़बूती से की। क्रेग मारियास ने सर्कल के अंदर शानदार कौशल दिखाया, उनके पास ने गुरसाहिबजीत सिंह ने (16वें) मिनट में गोल में डाइविंग फिनिश के लिए एकदम सही मौका बनाया। 26वें मिनट में लांसर्स ने फिर गोल किया, जब दिलप्रीत सिंह ने सर्कल के अंदर गेंद को अच्छी तरह से बचाया और उसे गुरसाहिबजीत सिंह (26वें) मिनट में पास किया, जो गेंद को गोल करने के लिए सही पोजीशन में थे।

# नेपाल ने महिला टी-20 विश्व कप ग्लोबल क्वालिफायर के लिए टीम की घोषणा की



**काठमांडू (एजेंसी/चिंगारी)।** मेजबान नेपाल ने अपने इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के बाद आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालिफायर के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट पहली बार होगा जब नेपाल किसी महिला आईसीसी इवेंट की मेजबानी करेगा। नेपाल टी20 फॉर्मेट में तीन बार एशिया कप में हिस्सा ले चुका है, लेकिन अब वह पहली बार टी20 विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश करेगा, क्योंकि वह ग्लोबल क्वालिफायर की मेजबानी कर रहा है, जो 14 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाला है। इस साल के आखिर में टी20 विश्व कप में चार जगहों के लिए कुल दस टीमें मुकाबला करेंगी, जिन्हें पांच-पांच टीमों के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। एक आईसीसी रिपोर्ट में कहा गया है कि हर ग्रुप की टॉप तीन टीमें सुपर 6 में आगे बढ़ेंगी। इसके बाद छह टीमें राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे का सामना करेंगी और टॉप चार टीमें विश्व कप में अपनी जगह पक्की करेंगी, जो जून में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाला है।

## भारत से विश्व कप मैच बाहर ले जाने के लिए बीसीबी के अनुरोध पर विचार कर सकती है आईसीसी

**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अपने टी20 वर्ल्ड कप मैचों को भारत से बाहर शिफ्ट करने के अनुरोध पर विचार कर सकती है। विश्व संस्था ने अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है या मीटिंग नहीं की है, खासकर आज रविवार होने के कारण, लेकिन क्रिकबज को पता चला है कि आईसीसी बांग्लादेश के मैचों को टी20 वर्ल्ड कप के सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट करने के लिए तैयार है। बांग्लादेश को अपने सभी लीग मैच भारत में खेलने हैं - तीन कोलकाता में और एक मुंबई में - और अगले एक या दो दिनों में इस पर फैसला लिया जा सकता है। इससे पहले दिन में, बीसीबी ने राष्ट्रीय टीम के मैचों को भारत से बाहर ले जाने के लिए औपचारिक अनुरोध किया था।

## टीमों ने 63 पहलवानों पर 11 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए




**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से मान्यता प्राप्त फ्रेंचाइज़ी आधारित पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के पांचवें सीजन की नीलामी ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स के साथ संपन्न हुई। व्यक्तिगत बोली राशियों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। अंतिम हथौड़ा गिराए जाने के साथ, छह फ्रेंचाइज़ियों ने कुल 63 विदेशी और घरेलू पहलवानों को अपने साथ जोड़ा, जिस पर ठंडी दिल्ली की शनिवार शाम को 11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई। जापान की दिग्गज पहलवान यूई सुसाकी, पूर्व ओलंपिक चैंपियन, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और चार बार की विश्व चैंपियन को हरियाणा थंडर्स ने 60 लाख रुपये में खरीदा, जो कि पीडब्ल्यूएल इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी बोली है।

## बंगलादेश टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगा




**ढाका (एजेंसी/चिंगारी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने के लिए दी गई एनओसी को तुरंत प्रभाव से रद्द करने का फैसला किया है। यह फैसला बीसीबी अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों की एक मीटिंग में लिया गया। इसका मतलब है कि अगर केकेआर अपना फैसला बदलता भी है, तो भी बीसीबी सुरक्षा कारणों से मुस्तफिजुर को आईपीएल खेलने की इजाजत नहीं देगा। इसके अलावा, यह भी समझा जाता है कि बांग्लादेश वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा। इससे पहले, बीसीबी ने सुरक्षा स्थिति जानने के लिए आईसीसी और बीसीसीआई को पत्र भेजने का फैसला किया था, लेकिन बाद में बोर्ड मीटिंग में अपना मन बदल लिया, जिसमें ज़्यादातर डायरेक्टर मौजूद थे। इससे पहले यह खबर थी कि बंगलादेश आईसीसी से यह अनुरोध करेगा कि उसके टी20 विश्व कप के मैच भारत से हटाकर श्रीलंका में कराए जाएं। भारत और बंगलादेश के बीच बिगड़ते राजनीतिक संबंधों के चलते बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को निर्देश दिया था कि मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज कर दिया जाए।

# भारत से विश्व कप मैच शिफ्ट करने का बंगलादेश का आईसीसी से औपचारिक अनुरोध

**ढाका (एजेंसी/चिंगारी)।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले एक बड़े डेवलपमेंट में, बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि बंगलादेश के सभी मैचों को भारत से बाहर शिफ्ट कर दिया जाए, क्योंकि उसे अपनी टीम की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

बीसीबी के बयान में कहा गया है, मौजूदा हालात का पूरी तरह से आकलन करने और भारत में बंगलादेश टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और बंगलादेश सरकार की सलाह पर विचार करने के बाद, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने फैसला किया है कि बांग्लादेश नेशनल टीम मौजूदा हालात में टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं जाएगी। इस मामले पर बंगलादेश को आईसीसी के जवाब का इंतजार है। बीसीबी का कहना है कि बोर्ड का मानना है कि बंगलादेशी खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, बोर्ड सदस्यों और अन्य स्टेकहोल्डर्स की सुरक्षा और भलाई की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि टीम एक सुरक्षित और उचित माहौल में टूर्नामेंट में भाग ले सके, ऐसा कदम उठाना



जरूरी है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि आईसीसी स्थिति को समझेगा और इस मामले पर तुरंत जवाब देगा। इस बीच बीसीबी ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने के लिए दी गई एनओसी को तुरंत प्रभाव से रद्द करने का फैसला किया है। यह फैसला बीसीबी अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों की एक मीटिंग में लिया गया। इसका मतलब है कि अगर केकेआर अपना फैसला बदलता भी है, तो भी बीसीबी सुरक्षा कारणों से मुस्तफिजुर को आईपीएल खेलने की इजाजत नहीं देगा।

इससे पहले यह खबर थी कि बंगलादेश आईसीसी से यह अनुरोध करेगा कि उसके टी20 विश्व कप के मैच भारत से हटाकर श्रीलंका में कराए जाएं। भारत और बंगलादेश के बीच बिगड़ते राजनीतिक संबंधों के चलते बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को निर्देश दिया था कि मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज कर दिया जाए। इसके बाद ही बीसीबी ने यह फ़ैसला लिया। बंगलादेश को अगले महीने विश्व कप में अपने पहले तीन मुक़ाबले कोलकाता में खेलने हैं।

# चेलूसैण में इंकाइयों ने करके प्रदर्शन, सरकार का पुतला किया दहन



अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को द्वारीखाल ब्लाक के चेलूसैण में किया प्रदर्शन।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अंकिता भंडारी प्रकरण में भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आने के बाद कांग्रेस भाजपा के खिलाफ लगातार हमलावर हो रही है। रविवार को कांग्रेस ने इस मामले में कोटद्वार और विकास खंड द्वारीखाल के चेलूसैण में प्रदर्शन किया।

## अंकिता भण्डारी प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग

चेलूसैण में कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष विकास नेगी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए हत्याकांड में संलिप्त वीआईपी की गिरफ्तारी, प्रकरण की सीबीआई से जांच कराए जाने व प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति की महिलाओं के प्रति दिये गये हीनभावना ग्रसित बयान पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं और सरकार का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच होने तक उत्तराखंड में व्यापक स्तर पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाएगी। पुतला दहन में वरिष्ठ नेता सुखदेव सिंह राणा, दुगड्डा पूर्व ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संजय तोमर, पूर्व सैनिक कै. रविन्द्र सिंह रावत, प्रकाश तोमर, जगदीश रावत, प्रमोद चौहान, महाबीर सिंह, हुकुम उनियाल व मेहरबान सिंह कंडारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महिला कांग्रेस ने विधायक ऋतु खण्डूडी का पुतला फूंका

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अंकिता भंडारी प्रकरण में भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आने व स्थानीय विधायक का महिला होने के बावजूद मामले में चुप्पी साधे रहने के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रश्मि पटवाल एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मीना बछ्वाण के संयुक्त नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए विधायक का पुतला दहन किया। रविवार को महिला कांग्रेस कार्यकर्ता दुर्गापुरी चौराहे पर एकत्रित हुई। तत्पश्चात वे भाजपा सरकार के खिलाफ वीआईपी का नाम बताओ, अंकिता भंडारी को न्याय दिलाओ, दोषियों को फांसी दो.. की नारेबाजी करते हुए चौराहे से स्थानीय विधायक के घमंडपुर स्थित आवास की तरफ जुलूस की शक्ल में बढ़ी। लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा विधायक आवास से लगभग 200 मीटर पहले बेरीकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया गया। इस पर कार्यकर्ताओं ने वहीं पर धरना प्रदर्शन करते हुए विधायक का पुतला दहन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रदेश भाजपा मंत्री रेखा आर्य के पति व अन्य भाजपा नेताओं द्वारा महिलाओं के खिलाफ दिये गये तथाकथित निंदनीय बयानबाजी के लिए भाजपा सरकार की कटु आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस इस सबके खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर कार्यकारी महानगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीन रावत, सूरज प्रसाद कांति, अमित राज सिंह, बलवीर रावत सुनील दत्त सेमवाल, गीता नेगी व रंजना रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई उन्हें भारत रत्न देने की मांग उठाई



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से देश की प्रथम महिला शिक्षिका व समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की 195वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर भारत सरकार से उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की गई। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति शिक्षक एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश राठी का अभिनंदन भी किया गया। सिमलचौड़ स्थित पुस्तकालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने नारी मुक्ति आंदोलन की बुनियाद रखी। उन्होंने छुआछूत, सती प्रथा, बाल विवाह, विधवा विवाह निषेध जैसी कुरीतियों के विरुद्ध अपने पति के साथ मिलकर अभूतपूर्व कार्य किये। इन कार्यों को देखते हुए उन्हें भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मनवर लाल भारती, राजेंद्र सिंह नेगी, प्रवेश चंद्र नवानी, प्रमोद चौधरी, भारत भूषण शाह, ओम प्रकाश कोटला, विजेंद्र आर्य, विनोद कुमार, राहुल कुमार, मेवालाल गौड़ आदि मौजूद थे।

## आज भी प्रिंट मीडिया अधिक विश्वसनीय : डॉ. नरेश बंसल

### पर्वतीय पत्रकार महासंघ देहरादून इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**देहरादून /चिड़ियापुर ।** पर्वतीय पत्रकार महासंघ उत्तराखंड की जिला देहरादून इकाई का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेश बंसल ने जिला पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि शपथ का अपना एक विशेष महत्व होता है। जब कोई व्यक्ति शपथ लेता है, तो वह केवल शब्द नहीं बल्कि जिम्मेदारी का संकल्प करता है। उन्होंने पत्रकारिता को लोकतंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तम्भ बताते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में भी प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता बरकरार है।

डॉ. बंसल ने कहा कि सोशल मीडिया पर अनेक प्रकार की सूचनाएं सुनने और पढ़ने को मिलती हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग आज भी सुबह उठकर अख़बार पढ़ना नहीं भूलते, क्योंकि प्रिंट मीडिया पर विश्वास कायम है। कार्यक्रम की अध्यक्ष विधायक सविता कपूर ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, इसकी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्रकारों को निष्पक्षता ईमानदारी और सत्य निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा से निर्वहन करना चाहिए ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। विशिष्ट अतिथि के रूप में दून प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय राणा एवं संजय कनोजिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. देवेंद्र भसीन तथा पर्वतीय पत्रकार महासंघ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक ने पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन महासंघ के प्रदेश महामंत्री अरुण कुमार मोगा एवं जिलाध्यक्ष मदन उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. मदन मोहन पाठक, डॉ. वी. डी. शर्मा, मानस पसपोला, श्रीमती रितु, अनिल शाह, मनमोहन आहूजा, नवीन यादव इंदिरा नगरकोटी, बीना उपाध्याय राहुल वर्मा, विवेक वर्मा, मानसिंह, नरेश शर्मा, सूर्य प्रकाश भट्ट, विनोद नेगी, अनिल डोबरियाल, दीपक धीमान, गुरविंदर सिंह आदि सहित उत्तराखंड के कोने-कोने से आए पत्रकार उपस्थित थे।

## गुरुगोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आयोजित किया रक्तदान शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सिखों के गुरू श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर गोविंद नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सिंह में आधारशिला रक्तदान समूह और परिवर्तन चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 82 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का आरंभ करते हुए समूह के संचालक सरदार दलजीत सिंह ने कहा कि रक्तदान से हम किसी अन्य की जान बचा सकते हैं, इसलिए स्वस्थ मनुष्य को रक्तदान करना चाहिए। इस दौरान उनके पूरे परिवार सहित अन्य रक्तदाताओं ने उत्साह से रक्तदान किया। वहीं गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष अनिल भोला और सचिव अश्विनी भाटिया ने समूह के स्वयंसेवकों की शिविर को सफल बनाने पर सराहना की। इस दौरान समूह के स्वयं सेवक कविता, प्रणिता कंडवाल, शिवम नेगी, उत्कर्ष नेगी, यशिका जखवाल, दिग्विजय सिंह, शंकर बहादुर और मधु भाटिया सहित अन्य स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## अंजलि बड़थ्वाल ने जीता सुपर मॉम सीजन-4 का ग्रैंड फिनाले

**कोटद्वार ( चिंगारी )। नगर निगम प्रेक्षागृह में शनिवार देर शाम को के एंड बी डांस एकेडमी द्वारा आयोजित सुपर मॉम सीजन-4 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच महिलाओं के आत्मविश्वास को नई उड़ान देते हैं, जिससे वे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होती हैं। तत्पश्चात निर्णायकों द्वारा दिये गये अंकों के आधार पर अंजलि बड़थ्वाल ने पहला, शिविका दुबे ने दूसरा और चारू सनवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आयोजक बबीता, किरण कुकरेती, गीता नेगी, सुनीता कोटनाला, अनीता आर्य, रंजना रावत व नृत्य शिक्षिका दिव्या डोबरियाल आदि मौजूद रहे।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नये साल की शुरूआत भी रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना से हुई

बिजनौर ( चिंगारी )। बिजनौर जनपद में खून के रिश्तों में अपनों का बेरहमी से क़त्ल कर देना अब एक आम सी घटना बनती जा रही है। जनपद में अपनों की हत्याओं को लेकर साल 2025 का जहां अंत हुआ था, वहीं से साल 2026 में भी रिश्तों को कलंकित करने वाली हत्या की ऐसी ही वारदात से आगाज़ हुआ है। या यूं कहें कि सिर्फ कैलेंडर बदला है जनपद में अपनों का खून बहाने की जो प्रथा सी चल पड़ी है वह बदस्तूर जारी है।




जनपद में साल 2025 में मार्च से दिसंबर के बीच 18 ऐसी हत्याएं हुई थीं, जिसमें शायद ही कोई रिश्ता ऐसा बचा हो जिसने खून से अपने हाथ न रंगे हों। साल 2025 के आंकड़े बताते हैं कि मार्च से दिसंबर तक हर माह दो हत्याएं रिश्तों एवं विश्वास की हुई हैं। इन हत्याओं में बाप ने बेटे को, बेटे ने बाप को, मां ने पुत्र को, तो पुत्र ने मां को, चाचा ने भतीजे को, तो भतीजे ने चाचा को, सास ने बहू को, तो बहू ने सास को नहीं बख्शा था। कुल मिलाकर साल 2025 में जनपद में अधिकतर रिश्ते बहुत कलंकित हुए थे। जरा-जरा सी बातों में अपनों ने अपनों को सीधे मौत की सजा देकर खूब खून बहाया था। रिश्तों को कलंकित एवं क़त्ल कर देने वाली ऐसी संगीन वारदातों ने जनपदवासियों के मस्तिष्क को विचलित करके रख दिया था।

यूं तो बीते वर्ष जनपद में हर माह रिश्तों का बेदर्दी के साथ क़त्ल होता रहा, परन्तु अपनों का खून बहाने की साल 2025 की अंतिम घटना 21 दिसंबर को कस्बा किरतपुर में हुई थी, जहां रफीक ने 20 लाख रुपयों की सुपारी देकर अपने भतीजे समीर का क़त्ल करा दिया था। साल 2025 का अंत इस घटना से हुआ तो साल 2026 का प्रारंभ भी 4 जनवरी को जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र में देखने को मिला, जहां दुष्यंत पुत्र सतपाल ने अपने सगे बड़े भाई राहुल की हत्या दो सुपारी किलरों से करा दी। जनपद में हो रही ऐसी घटनाएं बहुत दुखद और चिंतनीय बनती जा रही हैं।

### ट्रम्प ने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति को धमकी दी

## कहा- अमेरिका की बात नहीं मानी तो मादुरो से भी बुरा हाल होगा



**वॉशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को बुरा हाल करने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा, अगर डेल्सी वह नहीं करतीं जो वेनेजुएला के लिए अमेरिका सही मानता है, तो उनका हाल मादुरो से भी ज्यादा बुरा हो सकता है। ट्रम्प ने यह बात द अटलांटिक मैग्जीन को दिए इंटरव्यू में कही है। एक दिन पहले ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रोड्रिग्ज से बात की है। वे वेनेजुएला में लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए अमेरिका की अपेक्षाओं पर काम करने को तैयार है। न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा था अगर रोड्रिग्ज अमेरिका की बात मान लेती हैं तो वेनेजुएला में अमेरिकी सेना तैनात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, रोड्रिग्ज ने मादुरो को सत्ता से हटाने की आलोचना की है। साथ ही अमेरिका से मादुरो को वापस भेजने की मांग की है। वेनेजुएला की सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति बनाने का आदेश दिया है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने डेल्सी रोड्रिग्ज को तुरंत राष्ट्रपति के सभी अधिकारों के साथ अंतरिम तौर पर कार्यभार संभालने के लिए कहा है। वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने अमेरिका से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला अमेरिका के साथ विकास और शांति के लिए सहयोग का एजेंडा बनाना चाहता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, हमारे लोग युद्ध नहीं, शांति और बातचीत के हकदार हैं। यही संदेश राष्ट्रपति मादुरो का हमेशा रहा है और आज पूरे वेनेजुएला का भी यही संदेश है। रविवार देर रात जारी किए बयान में रोड्रिग्ज ने कहा कि अमेरिकी सेना की कार्रवाई में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की गिरफ्तारी के बाद भी वेनेजुएला टकराव नहीं, बल्कि संवाद और सहयोग चाहता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में रहते हुए दोनों देशों को मिलकर काम करना चाहिए।

## रूस तेल आयात को लेकर ट्रंप ने भारत को दी शुल्क बढ़ाने की चेतावनी

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल का आयात करने के मामले में भारत पर आयात शुल्क बढ़ाने की चेतावनी देते हुए संकेत दिया है कि वाशिंगटन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए तैयार है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी से अवगत हैं। अपने हवाई जहाज एयर फोर्स वन पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री ट्रंप ने कहा, श्री मोदी रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। श्री मोदी एक बहुत अच्छे इंसान हैं और वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह व्यापार करते हैं और हम उन पर बहुत जल्दी शुल्क बढ़ा सकते हैं। यह चेतावनी ऐसे समय में आयी है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है और अमेरिका ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा रखा है।






## बिजनौर इण्टर कॉलेज, बिजनौर

बिजनौर इण्टर कॉलेज में पिछले करीब 20 वर्ष से प्रबंध समिति नहीं है। कारण- प्रबंध संचालकों ने सालों राज किया व नियमानुसार चुनाव नहीं कराये। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि वर्तमान प्रबंध संचालक महोदय भी गुपचुप तरीके से चुनाव करा रहे हैं। प्रबंधक संचालक महोदय से अनुरोध है कि वह चुनाव प्रक्रिया को जनमानस को बताये व हमें भी सूचित करें। जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय भी प्रबंधक संचालक महोदय को निर्देशित करने की कृपा करें।

| जावेद आफताब | फरहत अली खां | सआदत हुसैन |
|---|---|---|
| सीनियर एड. | सीनियर एड. | राष्ट्रपति से पुरस्कृत |